हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, मंगलवार, 2 जुलाई 2024

तापमान
अधिकतम 36 .0 डिग्री
न्यूनतम 28 .0 डिग्री

12 हर छोटी से छोटी समस्या को भी गंभीरता से लें अधिकारी : एडीसी



12 मोबाइल वैन गांव-गांव पेयजल की जांच करेगी



## खबर संक्षेप

### महिला की मौत, चार पर दहेज-हत्या का केस दर्ज

**जींद।** मालवी में जहर से महिला की संदिग्ध हालात में मौत के मामले में जुलाना थाना पुलिस ने पति समेत चार के खिलाफ दहेज हत्या का केस दर्ज किया है। मालवी निवासी सचिन की पत्नी शिल्पा (22) को जहर के प्रभाव से जुलाना सीएचसी ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने गंभीर हालात देख पीजाआई रेफर कर दिया। जहां पर उसकी मौत हो गई।

### परीक्षा केंद्रों की 200 मीटर की परिधि में धारा-144

**कैथल।** डीसी प्रशांत पंवार ने 3 से शुरू होने वाली शिक्षा बोर्ड, की 10वीं व 12वीं की सीनियर सैकेंडरी (शैक्षिक) एक दिवसीय (री-अपीयर ) एवं सैकेंडरी पूर्ण विषय / री-अपीयर / अंक सुधार जुलाई की परीक्षा 3 से 11 तक जिला स्तर पर संचालित करवाई जाएगी। परीक्षाओं को संपन्न करवाने के लिए परीक्षा केंद्रों की परिधि में धारा 144 लागू के आदेश पारित किए हैं।

### रास्ता रोककर मारपीट करने पर मामला दर्ज

**जुलाना।** जुलाना क्षेत्र के देवरड़ गांव में युवक का रास्ता रोककर मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में पुलिस ने एक आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। देवरड़ गांव निवासी भुपेंद्र ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि देवरड़ गांव निवास नरेंद्र उर्फ लीलु ने उसका रास्ता रोक कर मारपीट की और उसे जान से मारने की धमकी दी।

### मकान से नकदी और गहने चोरी, केस दर्ज

**कैथल।** दो मामलों में चोर एक मकान से नकदी व गहने और दुकान से मोबाइल चोरी कर ले गए। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पहले मामले में गांव खरकां निवासी महाबीर ने गुहला थाना में शिकायत दी कि 29 जून को रात के समय अज्ञात आरोपी उनके घर से सात हजार रुपये व सोना-चांदी के गहने चोरी कर ले गए।

### रुपये ऐंठने के दो आरोपी रिमांड पर

**अलेवा।** विदेश भेजने के नाम पर अलेवा निवासी एक व्यक्ति से रुपये एंठने के मामले में अलेवा पुलिस द्वारा फतेहगढ़ छान्ना निवासी राकेश व राजेश दो आरोपितों को गांव से ही काबू किया है। पुलिस ने दोनों आरोपितों को जींद अदालत में मजिस्ट्रेट के समक्ष पेशकर पुछताछ के लिए दो दिन के रिमांड पर लिया है।

### शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म, केस

**कैथल।** शहर की एक कॉलोनी निवासी 20 वर्षीय युवती ने एक युवक पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने युवक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। युवती ने अपनी शिकायत में बताया कि नवंबर 2020 में उसकी पहचान सक्षम नाम के युवक से हुई थी। वे एक दूसरे से फोन पर बातचीत करने लगे। 24 नवंबर 2020 को आरोपी सक्षम उसे अपने घर ले गया।

### नाबालिग लापता, तीन पर अपहरण का केस

**जींद।** सदर थाना नरवाना इलाका गांव की नाबालिग लड़की के संदिग्ध हालत में गायब होने पर सदर थाना नरवाना पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सदर थाना नरवाना इलाके के एक व्यक्ति ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई है।

### मारने की धमकी देने का लगाया आरोप

**कैथल।** मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामलों में पुलिस ने 19 आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पहले मामले में गांव कौल निवासी जसबीर ने ढांड थाना में शिकायत दी कि 30 जून को दोपहर के समय आरोपी यशपाल, राजेश व साहिल ने उसे लाठी व नुकीले हथियार से हमला कर चोटिल कर दिया।

## प्रदेश में करीब 300 करोड़ तो जींद के अस्पतालों के सात करोड़ बकाया, निजी अस्पतालों में हर दिन सौ आपरेशन

# निजी अस्पताल नहीं करेंगे आयुष्मान पर इलाज

## जींद में 11 सरकारी और 16 निजी अस्पताल आयुष्मान पैनल पर, जरूरतमंद लोगों को हो रही परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जींद जिले के आयुष्मान पैनल के सभी अस्पतालों ने सोमवार को आयुष्मान कार्ड का काम पूरी तरह से बंद कर दिया है। जिसके चलते जरूरतमंद लोगों के सामने भारी परेशानी खड़ी हो गई है। जींद में कुल 11 अस्पताल सरकारी तथा 16 निजी अस्पताल आयुष्मान पैनल पर हैं। इन निजी अस्पतालों में प्रतिदिन लगभग सौ आप्रेशन हैं। जिला में डेढ़ लाख से अधिक लोगों के आयुष्मान व चिरायु कार्ड भी बने हुए हैं। अब निजी अस्पतालों ने करोड़ों रुपये का बकाया सरकार की तरफ होने के चलते उपचार के लिए अपने हाथ खड़े कर दिए हैं। ऐसे में अब लोगों को समझ नही आ रहा है कि सरकार के आयुष्मान का कार्ड का लाभ किस तरह उठाया जाए। वहीं निजी चिकित्सकों का कहना है कि जब तक भुगतान नही किया जाता है, आयुष पैनल पर अस्पताल काम नही करेंगे।

आईएमए के प्रधान डा. मनोज ने बताया कि निजी अस्पतालों का पूरे हरियाणा का मिला कर लगभग 300 करोड़ रुपये से ‘यादा का सरकार पर बकाया है। जबकि जींद के अस्पतालों का लगभग सात करोड़ है। जो कि पिछले तीन महीनों से भुगतान नही किया गया है।




**जींद।** निजी अस्पताल पर आयुष्मान बोर्ड का लगा बैनर। *फोटो :हरिभूमि*

भुगतान समय पर नहीं मिल पाने के चलते निजी अस्पतालों पर भी आर्थिक संकट आ गया है। जबकि सरकार से हुए समझौते के तहत इलाज किए गए पैसे का भुगतान ज़्यादा से ज़्यादा 15 दिनों के भीतर हो जाना चाहिए था। एक समस्या पहले से तय किए गए रेट के बावजूद बेवजह कटौती को लेकर भी है। इस बार की समस्या तो इतनी विकट हो चुकी है कि ज़्यादातर अस्पताल कर्ज में डूब गए हैं। पिछले छह साल से मरीजों के इलाज का रेट भी सरकार द्वारा बढ़ाया नहीं गया है, जबकि महंगाई के कारण इलाज का खर्च लगातार बढ़ता जा रहा है, ऐसे में अस्पतालों की ऐसी मजबूरियां हो गई हैं वे पुराने रेट पर इलाज कर पाने में सक्षम महसूस नहीं कर रहे हैं। वहीं जो पोर्टल वार्ता के लिए बनाया गया है वो भी सही तरीके से काम नही कर रहा है। चिकित्सक पोर्टल पर मेल कर-कर थक चुके हैं लेकिन कोई जवाब नही मिलता है। वर्ष 2018 से रेट में कोई वृद्धि नही की गई है। जो नया पैकेज दिया गया है वो 80 प्रतिशत पुराने रेटों पर आधारित है। केवल दस प्रतिशत केसों में ही वृद्धि की गई है। निजी चिकित्सकों की समस्याएं दूर करने के लिए कोई कदम नही उठाया जा रहा है। वो तो इसके लिए भी रजामंद है कि आधे रुपये पहले दिए जाएं और फिर आधी राशि जांच के बाद दी जाए ताकि चिकित्सकों का काम चलता रहे। ऐसा सिस्टम बनाया जाए कि चिकित्सकों की समस्याओं का तय समय में समाधान हो। जिला में आयुष्मान पैनल वाले निजी अस्पतालों में आयुष्मान व चिरायु कार्ड धारकों के आप्रेशन नही हुए तो वो इधर-उधर भटकते हुए नजर आए। आयुष्मान व चिरायु कार्ड धारक निजी अस्पतालों में पहुंचे तो लेकिन उन्हें बाहर का रास्ता दिखा दिया गया। उपचार न किए जाने को लेकर चिकित्सकों ने खेद भी प्रकट किया। आईएमए जींद के प्रधान डा. मनोज कुमार ने बताया कि जिले के विभिन्न अस्पताल पिछले कुछ वर्षो् से सरकार द्वारा जनता को उपलब्ध करवाई गई आयुष्मान योजना के तहत आयुष्मान भारत के पैनल वाले अस्पताल अपने-अपने अस्पतालों में मरीजों को निशुल्क सुविधाएं उपलब्ध करवा रहे हैं लेकिन इसके बाद भी अस्पतालों में बिलों में भारी कटौती, देरी से भुगतान, नई योजनाओं का कार्यान्वयन न होना, डॉक्टर्स से परामर्श किए बिना चिरायु और चिरायु विस्तार को शामिल करना जैसी अनेक समस्याएं आ रही हैं। पूरे हरियाणा में करीब 300 करोड़ से अधिक राशि के बिल आयुष्मान के तहत सरकार के पास पैंडिंग हैं। जिला में 16 अस्पताल आयुष्मान भारत पैनल से जुड़े हैं, जिनके करीब सात करोड़ रुपये के बिल अब तक बकाया चल रहे हैं। ऐसे में डॉक्टर्स के लिए अपने पास से मरीजों को लगातार सुविधा मुहैया करवाना मुश्किल हो गया है। समस्या को अवगत करवाया जा चुका है लेकिन समाधान नही हुआ है। इसलिए अब मजबूरीवश आईएमए हरियाणा के बैनर तले आयुष्मान सूचीबद्ध निजी अस्पतालों ने सोमवार से इस योजना के तहत काम बंद करने का फैसला लिया है।

### जींद में आयुष्मान पैनल पर निजी अस्पताल

12. मीनीक्षा जैन अस्पताल।
13. गोयल हड्डियों का अस्पताल।
14. यूरो केयर अस्पताल।
15. मित्तल आई अस्पताल।
16. शर्मा आई अस्पताल।
17. मेट्रो जींद अस्पताल।
18. बाल धर्मार्थ अस्पताल।
19. सवार्ेदय अस्पताल।
20. आस्था अस्पताल।
21. जींद हर्ट अस्पताल।
22. नारायणा अस्पताल।
23. ऑस्कर हर्ट अस्पताल।
24. ज्ञानीराम मैमोरियल अस्पताल।
25. सरस्वती आई केयर सेंटर।
26. मंगला अस्पताल।
27. आस्था अस्पताल।

### सरकारी अस्पतालों में किए जा रहे आपरेशन



नागरिक अस्पताल के सीएमओ डा. गोपाल गोयल ने बताया कि निजी अस्पतालों द्वारा आयुष्मान व चिरायु कार्ड के पात्र लोगों के आप्रेशन न किए जाने बारे उच्च अधिकारियों को अवगत करवा दिया गया है। सरकारी अस्पतालों में आयुष्मान व चिरायु कार्ड धारकों के आप्रेशन किए गए हैं। आयुष पैनल के अस्पतालों की जो समस्या है, वो उच्च स्तर की है। उम्मीद है कि जल्द ही समस्या का निदान हो जाएगा।

### जींद में आयुष्मान पैनल पर सरकारी अस्पताल

1. नागरिक अस्पताल जींद
2. नागरिक अस्पताल नरवाना।
3. नागरिक अस्पताल सफीदों।
4. नागरिक अस्पताल उचाना।
5. सीएचसी अलेवा।
6. सीएचसी जींद।
7. सीएचसी खरकरामजी।
8. सीएचसी उझाना।
9. सीएचसी कालवा।
10. सीएचसी जुलाना।
11. सीएचसी कंडेला।

# चालक पर २२ हजार 500 रुपये का जुर्माना ठोका, मोटरसाइकिल इम्पाउंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला-चीका

एसपी उपासना के निर्देशानुसार यातायात पुलिस ने चीका के शहीद उधम सिंह चौक पर चालान काटे और एक पटाखा बुलेट को इम्पाउंड करते हुए 22 हजार 500 रुपये का चालान काटा। पुलिस द्वारा दिखाई जा रही सख्ती से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार ट्रैफिक एसएचओ एसआई राजेश कुमार की अगुवाई में नाके लगाकर चालान काटने का सिलसिला शुरू किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस को कुछ दिनों से लगातार इस प्रकार की शिकायतें मिल रही थी कि कुछ लोगों द्वारा बुलेट से पटाखे की आवाज निकाल तथा मॉडिफाइड साइलेंसर युक्त बुलेट से डरावनी आवाजें निकालकर क्षेत्र में दहशत पैदा की जा रही है, जिसके चलते एसपी ने सख्ती का आदेश दिया और यातायात पुलिस ने सख्ती शुरू करते हुए ऐसे शरारती लोगों पर पैनी नजर रखी जा रही है।



**गुहला चीका।** चालान काटते हुए यातायात पुलिस के अधिकारी। *फोटो :हरिभूमि*

# मनरेगा मजदूरों ने बीडीपीओ कार्यालय पर जड़ा ताला

- सरकार व अधिकारियों को जमकर कोसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ढांड

गांव पबनावा व बंदराना के मनरेगा मजदूरों को काम देने के बाद रजिस्ट्रेशन न करने के विरोध में गुस्साए मजदूरों ने बीडीपीओ कार्यालय ढांड को ताला जड़ दिया तथा वहां बैठकर जमकर नारेबाजी कर रोष जताया।

मजदूरों की मांगों का समर्थन करते युवा भाकियू प्रदेशाध्यक्ष राजीव आर्य व मनरेगा मेट मजदूर यूनियन प्रदेशाध्यक्ष समुंद्र सिंह दनौदा ने कार्यालय के गेट पर तालाबंदी कर अधिकारियों व कर्मचारियों की मनमर्जी व तानाशाही के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर रोष जताया। गेट पर ताला जड़ने की सूचना मिलते ही ढांड थाना प्रभारी राजेंद्र कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और मजदूरों को समझाबुझाकर ताला खुलवाया। थाना प्रभारी राजेंद्र कुमार ने मजदूरों की समस्या सुनकर संबंधित अधिकारियों को अवगत करवाकर मौके पर ही दूर करवाया। मनरेगा मजदूरों ने बताया कि आज सुबह मजदूर म्यौली अमीन ड्रेन पर काम के लिए पहुंच गए थे और मजदूरों को अधिकारी ने ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन हाजरी लगवाने के लिए कहा, जिस पर करीब 5 मजदूर ढांड बीडीपीओ कार्यालय रजिस्ट्रेशन करवाने के लिए पहुंचे। जहां एक कर्मचारी ने रजिस्ट्रेशन करने से साफ मना कर दिया। जिसकी सूचना मजदूरों ने बाकी काम पर लगे मजदूरों को दी और सभी मजदूर कार्यालय पहुंच गए व अधिकारियों व कर्मचारियों को कोसने लगे। मजदूरों ने आरोप लगाया कि एक अधिकारी ने दो महिला मजदूरों के साथ अभद्र व्यवहार भी किया। जिसकी जितनी निंदा की जाए कम है।



राजीव आर्य व मनरेगा मजदूर प्रदेशाध्यक्ष व मजदूर कार्यालय पर ताला जड़ते हुए।



**नरवाना।** नगर परिषद कार्यालय में उपस्थित वार्ड पार्षद। *फोटो :हरिभूमि*

### विकास कार्य करवाने को लेकर पार्षद करेंगे प्रदर्शन

**नरवाना।** सोमवार को कस्बे के नगर परिषद कार्यालय में पार्षदों की एक बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता पूर्व पार्षद कैलाश ने की। जानकारी देते हुए वार्ड पार्षद संजय सिंगला ने बताया कि इस बैठक का उद्देश्य शहर में विकास कार्यों को लेकर हो रही अनदेखी है। शहर की मैन सड़को पर गड्ढों बने हुए है। बरसात का मौसम शुरू हो गया है और अभी तक शहर में सीवरेज और नालों की सफाई नहीं की गई है। साथ में स्ट्रीट लाइट भी खराब पड़ी है। वही आवारा पशु व बंदरों का आतंक लगातार जारी है। साथ में सिंगला ने बताया कि कोर्ट रोड पर पानी के निकासी की व्यवस्था नहीं है और शहर की लाचार व्यवस्था के लिए जिम्मेवार प्रधान नगर परिषद व अधिकारी है। इन सभी व्यवस्थाओं को दुरुस्त करवाने को लेकर पार्षद आशुतोष शर्माए चरण सिंह पार्षद प्रतिनिधि सोनूए विनोद राइका ने निर्णय किया कि इन मुद्दों को शहर वासियों के बीच ले जाने के लिए शहर में दिनांक 3ण्7ण्2024 दिन बुधवार सुबह 10रू30 बजे नगर परिषद कार्यालय में इकट्ठे होंगे और आवाज बुलंद करते हुए शहर में प्रदर्शन किया जाएगा।

# पेयजल किल्लत पर जताया विरोध

- जल्द से जल्द समस्या का समाधान करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ढांड

जडौला में गुरु ब्रह्मानंद आश्रम के नजदीक रहने वाले बीपीएल परिवारों को मूलभूत सुविधाएं नहीं मिलने के चलते जिला प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी कर अपना रोष प्रकट किया । शिशपाल, राकेश, रामफल, बबलू, राजेश अजय, राहुल, सुरेश, सावन, बलकारो, अंग्रेजो, पिंकी, उषा,ममता, सरोज, वर्षा, माया, मालो ने बताया कि हमें इस कालोनी में रहते लगभग 10 वर्ष बीत चुके हैं, लेकिन आज तक ना तो हमारे लिए पीने के पानी का कोई प्रबंध किया गया है और ना ही हमारी गलियां पक्की बनाई गई है। हम बीपीएल परिवारो से संबंध रखते है, इसलिए ही हमारे साथ पंचायत व जिला प्रशासन द्वारा सौतेला व्यवहार किया जा रहा है। कालोनी वासियों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि उनकी समस्या का शीघ्र समाधान किया जाए वरना उन्हें इसके लिए सड़कों पर उतरने को मजबूर होना पड़ेगा। सरपंच ने कहा कि कॉलोनी में पानी की सप्लाई है, लेकिन कुछ व्यक्तियों ने प्लांट में सब्जी लगा रखी है और उसमें पानी छोड़ देते हैं इसलिए आगे पानी नहीं पहुंच पाता।



**ढांड।** पेयजल को लेकर नारेबाजी करते ग्रामीण। *फोटो :हरिभूमि*



उझाना गांव में कार्यक्रम में उपस्थित विधायक रामनिवास सुरजाखेड़ा व अन्य।

### विधायक ने निजी कोष से दिए 12.51 लाख रुपये

**नरवाना।** रविवार को गांव उझाना में आयोजित अभिनंदन कार्यक्रम में विधायक रामनिवास सुरजाखेड़ा ने मुख्यअतिथि के रूप में पहुंचे थे। जहां उन्होंने निर्माणाधीन जाहरवीर गोगा मंदिर निर्माण में अपने निजी कोष से 12 लाख 51 हजार रुपए की धनराशि नगद मंदिर कमेटी को भेंट की। इसके साथ ही कार्यक्त्रम में विधायक ने ओर मांगों को पूरा करते हुए लाखों रुपए की घोषणा की। जिसमें ब्राह्मण चौपाल निर्माण के लिए 21 लाख रुपएए वाल्मीकि चौपाल निर्माण 21 लाख रुपए व तलौका पत्ती चौपाल निर्माण के लिए 25 लाख रुपए देने की घोषणा की। इसके साथ ही विधायक ने सरकार के 4 वषोंर् के कार्यकाल गिनाते हुए 65 करोड़ रुपए के विकास कार्य बताए जिसमें महाग्राम योजना के तहत शहर की तर्ज पर 55 करोड़ रुपये की धनराशि से सीवरेज व पानी की व्यवस्था शामिल है।

## ट्रेन का सप्ताह में केवल वीरवार के दिन ही आवागमन होगा

# अमृतसर के लिए सीधी ट्रेन की सुविधा मिलेगी

- रेलवे ने दिल्ली-बठिंडा रेलमार्ग पर ट्रेन चलाने का फैसला लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

लोगों को अब अमृतसर जाने के लिए भी सीधी ट्रेन की सुविधा मिलेगी। वह जींद जंक्शन से ट्रेन में बैठकर सीधा अमृतसर के स्वर्ण मंदिर के दर्शन कर सकेंगे। विशेष बात यह है कि यह ट्रेन सप्ताह में केवल वीरवार के दिन ही इस ट्रेन का आवागमन होगा। रेलवे ने दिल्ली-बठिंडा रेलमार्ग पर अमृतसर के लिए ट्रेन चलाने का फैसला लिया है। इसको चलाने के लिए रेलवे अधिकारियों ने शनिवार को इस ट्रेन का ट्रायल लिया थाए जो कि सफल रहा। इस 09009-10 नंबर मुंबई सेंट्रल.अमृतसर स्पेशल ट्रेन को जींद जंक्शन से गुजारा गया था। हालांकि रेलवे ट्रेन को स्पेशल के तौर पर चला रहा है। अभी ट्रेन के चलाने की तारीख तय नहीं की है। जैसे ही रेलवे का नोटिफिकेशन आएगा उसके बाद ट्रेन का संचालन शुरू कर दिया जाएगा।

### ट्रेन की ये रहेगी समयासारिणी

ये ट्रेन मुंबई सेंट्रल से रात साढ़े 11 बजे अमृतसर के लिए चलेगी। उसके बाद ट्रेन 12: 5 पर बोरीवाली स्टेशन पर पहुंच जाएगी। जहां 5 मिनट ठहराव के बाद ये ट्रेन रवाना हो जाएगी। इसके बाद रात 2 बजे वापी स्टेशन पर ठहराव कर 3:30 पर सूरत स्टेशन पहुंचेगी। फिर सुबह 4: 32 पर भरूच स्टेशन से रवाना होगी। इसके बाद सुबह 5: 30 पर वडोदरा पहुंचेगी। जहां पर 10 मिनट ट्रेन का ठहराव होगा। ट्रेन का अगला ठहराव आनंद जंक्शन पर होगा जो कि स्टेशन से 6:14 पर रवाना होगी। इसके बाद सुबह 8: 10 पर अहमदाबाद जंक्शन पर रूकेगी। वहां से 5 मिनट ठहराव के बाद रवाना होते महेसाना स्टेशन पर रूकेगी। उसके बाद 11: 20 पर पालनपुर स्टेशन पर पहुंचेगी। फिर दोपहर 12 : 30 पर अबू रोड स्टेशन पर रूकेगी। इसके बाद ट्रेन का ठहराव 14 बजे मारवाड़ जंक्शन पर पहुंच जाएगी। फिर शाम 4: 50 पर अजमेर जंक्शन होते 7: 10 पर ट्रेन जयपुर जंक्शन पहुंच जाएगी। शाम 7: 15 पर जयपुर से चलने के बाद अलवर स्टेशन से रात 9: 02 पर रेवाड़ी जंक्शन के लिए रवाना हो जाएगी। इसके बाद ट्रेन रात एक बजे रोहतक पहुंच जाएगी और फिर जींद के लिए रवाना होगी। ये ट्रेन सुबह 2: 17 पर जाखल के लिए रवाना होगी और वह 5: 05 पर धूरी स्टेशन पहुंचेगी। इसके बाद शाम के साढ़े छह बजे ट्रेन लुधियाना और फिर 7: 40 पर जालंधर कैंट पहुंचेगी। फिर सुबह 8: 50 पर ब्यास और 10:30 पर अमृतसर पहुंच जाएगी।

### यात्रियों को फायदा होगा

जींद रेलवे जंक्शन अधीक्षक जेएस कुंडू ने बताया कि रेलवे ने शनिवार को मुंबई सेंट्रल-अमृतसर स्पेशल ट्रेन का ट्रायल लिया था जो कि सफल रहा। हालांकि अभी तक रेलवे ने इस ट्रेन को चलाने की तारीख निर्धारित नहीं की है। इस ट्रेन के चलने से जींद के आसपास क्षेत्र के काफी यात्रियों को फायदा होगा।

# प्लेटफार्म नंबर एक व चार के बीच में वाटर हाइड्रेंट के काम का शुभारंभ

- मेंटेनेंस के कार्य पर एक करोड़ रुपये की राशि होगी खर्च

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जींद रेलवे जंक्शन पर सुविधाओं का लगातार विस्तार हो रहा है। अब जंक्शन के प्लेटफार्म नंबर एक व चार के बीच में वाटर हाइड्रेंट का काम शुरू हो गया है। वाटर हाइड्रेंट के अलावा कुछ और मेंटेनेंस के कार्यों पर करीब एक करोड़ रुपये की राशि खर्च होगी। वाटर हाइड्रेंट बनने के बाद भविष्य में बिना अनुरक्षण के दिल्ली में खड़ी ट्रेनों के जींद तक विस्तार की संभावना बनेगी। इससे यात्रियों को काफी फायदा होगा। दैनिक रेलयात्री वेलफेयर एसो पिछले काफी समय से इसके लिए प्रयास कर रही थी। फिलहाल रेलवे जंक्शन के प्लेटफार्म पर वाटर हाइड्रेंट की कोई सुविधा नहीं थी। मिल्ट्री ट्रेनों समेत जिन ट्रेनों में पानी भरवाना होता तो उन ट्रेनों को प्लेटफार्म के ट्रैक से हटा कर वाशिंग लाइन पर लेकर जाना पड़ता और इसके बाद पानी भरा जाता। इससे रेलवे पर वित्तीय असर पड़ रहा था तो वहीं समय भी ज्यादा लग जाता। अब प्लेटफार्म नंबर एक व चार के बीच वाटर हाइड्रेंट का काम शुरू हो गया है। इसके तहत प्लेटफार्म नंबर एक व दो के बीच नीचे भूमिगत पाइप लाइन दबाकर उनके ऊपर स्टैंड बनाए जाएंगे।

## खबर संक्षेप

### नए आपराधिक कानूनों को लेकर हुआ सेमिनार

**सफीदों ।** नगर के राजकीय पीजी कालेज में सोमवार को नए आपराधिक कानूनों के संदर्भ में ऑनलाइन सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज प्राचार्या डा. तनाशा हुड्डा ने की। वहीं वक्ता के रूप में सिटी थाना प्रभारी ईश्वर सिंह व एसआई कुलदीप ने शिरकत की।

### छोटूराम कालेज में हुआ व्याख्यान का आयोजन

**जींद।** छोटू राम किसान महाविद्यालय में सोमवार को व्याख्यान का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य वक्ता कॉलेज के प्राचार्य डा. कुलबीर सिंह रेढू रहे। उन्होंने कहा कि भारत में एक जुलाई से जो तीन नए आपराधिक कानून भारतीय दंड संहिता (1860) के स्थान पर भारतीय न्याय संहिता 2023 इसमें 356 धाराएं हैं। आपराधिक प्रकिया संहिता के स्थान पर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता जिसमें 533 धाराएं हैं तथा भारतीय साक्ष्य अधिनियम लागू हुए हैं उन पर विस्तार से चर्चा की गई।

### ताला तोड़कर लाखों का सामान चोरी, केस दर्ज

**जींद।** जिले में बीती रात चोरों ने तीन स्थानों पर दो मकान, सरकारी स्कूल समेत तीन स्थानों पर ताले तोड़ कर लगभग सवा लाख रुपये की नगदी, जेवरात समेत अन्य सामान को चोरी कर लिया। संबंधित थाना पुलिस ने शिकायतों के आधार पर चोरी के मामले दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### कर्मियों ने पंचायत मंत्री को सौंपा ज्ञापन

**जींद।** रिटायर्ड कर्मचारी पैंशनर्ज समाज हरियाणा ने सोमवार को अपनी मांगों को लेकर पंचायत मंत्री महिपाल ढांडा को ज्ञापन सौंपा। पंचायत मंत्री ने पैंशनर्ज को आश्वासन दिया कि सभी मांगों को मुख्यमंत्री तक पहुंचाया जाएगा। वरिष्ट उपप्रधान भलेराम बूरा, प्रवक्ता जोरा सिंह आर्य, वरिष्ट उप प्रधान ईश्वर शर्मा ने ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई कि पैंशनर्ज को 65 वर्ष पर पांच प्रतिशत, 70 वर्ष उपरांत 10 प्रतिशत, 75 वर्ष उपरांत 15 प्रतिशत एवं 80 वर्ष उपरांत 20 प्रतिशन वृद्धि प्रदान की जाए।

### अपराधिक कानूनों बारे किया जागरूक

**अलेवा।** अलेवा के राजकीय महाविद्यालय अलेवा की लीगल लिटरेसी इकाई व समाजशास्त्र विभाग द्वारा सोमवार को एक जुलाई 2024 से देश में लागू होने वाले तीन नए अपराधिक कानूनों पर समूह परिचर्चा का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता प्रदीप सहारण ने की। इसमें मुख्य तौर पर प्राचार्या वीना कुमारी व मुख्य वक्ता के तौर पर अलेवा पुलिस स्टेशन में कार्यरत उप निरीक्षक सुरेंद्र कुमार ने हिस्सा लिया।

### सचिन सेन का पांडू पिंडारा में स्वागत

**जींद।** समाज के होनहार को सम्मानित करने की कड़ी में सेन समाज जींद द्वारा हरियाणा सिविल सर्विस (एचसीएस) की परीक्षा में प्रदेश में छठा स्थान प्राप्त करने वाले नितिश, तेरहवां रैंक हासिल करने वाले सचिन सैन व जेआरएफ नेट की परीक्षा में देश में दूसरा स्थान प्राप्त करने वाली मोनिका का पांडू पिंडारा धर्मशाला में स्वागत किया गया।

### परिवार के साथ मारपीट करने पर तीन नामजद

**जींद।** हनुमान नगर में परिवार के साथ मारपीट करने पर शहर थाना पुलिस ने तीन लोगों को नामजद कर कुछ अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। हनुमान नगर निवासी अहमद ने पुलिस को दी शिकायत मे बताया कि वह परिवार के साथ घर जा रहा था।

### संस्कार युक्त जीवन जीने के लिए प्रेरित किया

**उचाना।** तेरापंथ भवन उचाना मंडी में चल रही साध्वी तिलक श्री ठाणे-3 के सान्निध्य में संस्कार पाठशाला में बच्चों को संस्कार युक्त जीवन जीने के लिए प्रेरित किया। यहां पर महिला मंडल पदाधिकारी, सदस्यों एवं साध्वी महिमा श्री द्वारा बच्चों को संस्कार से प्रेरित बातें बताई जाती है।

### समाधान शिविर मे आई 223 समस्याएं

# हर छोटी से छोटी समस्या को भी गंभीरता से लें अधिकारी : एडीसी

### फेमिली आईडी मे आय कम करवाने के लिए शपथपत्र लाना अनिवार्य

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद**

उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा के मार्गदर्शन में सोमवार को लघु सचिवालय के सभागार मे समाधान शिविर आयोजित हुआ। जिसमें कुल 223 समस्याएं आई। समाधान शिविर में एडीसी डा. हरीश कुमार वशिष्ठ ने अन्य अधिकारियों के साथ समस्याओं को सुना। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे नागरिकों की समस्याओं को पूरी गंभीरता के साथ निपटाएं।

समाधान शिविर में 120 समस्याएं परिवार पहचान पत्र को दुरुस्त करवाने जैसे आय कम करवाने, जाति, रिश्ता व आयु सही करवाने से संबंधित थी। इनके अलावा समाधान शिविर में 14 पेंशन, सात पुलिस विभाग, 10 डीएमसी कार्यालय, चार जनस्वास्थ्य विभाग व चार डीडीपीओ कार्यालय से संबंधित थी। समाधान शिविर में प्रार्थी सुबह नौ बजे से पहले ही पहुंचने शुरू हो गए। शिविर मे मौजूद अधिकारियों ने शिविर में नागरिकों की प्रॉपर्टी आईडी, परिवार पहचान पत्र, बिजली, पानी तथा विभिन्न सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं आदि की समस्याएं सुनी। जिनमें से अधिकतर का मौके पर ही निदान करवाया।



जींद। शिविर में शिकायतें सुनते अधिकारी। फोटो :हरिभूमि

एडीसी ने मौके पर मौजूद सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि वो नागरिकों की हर छोटी से छोटी समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए जितना जल्दी हो सके समाधान करें। गांव कंडेला निवासी अनिल अपनी समस्या लेकर समाधान शिविर पहुंचे। उन्होंने पीला राशन कार्ड व मजदूरी कार्ड बनवाने की मांग रखी। इसी प्रकार अपोलो रोड निवासी जयवीर अपने पुत्र अनिल का प्रशासन से आर्थिक सहायता हेतु आवेदन लेकर पहुंचे उनका कहना है कि उनका पोता विकास व दोहता यश कुछ दिन पहले घर के ऊपर से गुजरने वाली बिजली के तार कि चपेट मे आ गए। इस दर्दनाक हादसे के कारण उनके शरीर का 80 प्रतिशत हिस्सा जल गया। अतिरिक्त उपायुक्त ने तत्काल ही सबंधित अधिकारियों को इस विषय पर अमल करने के आदेश दिए हैं। गांव शामलो कलां निवासी रणबीर ने बताया कि वह एक मजदूर है और कुछ दिन पहले आसमानी बिजली गिरने के कारण उसका घर पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। आर्थिक स्तिथि सही ना होने के कारण वो अपने घर की मरम्मत करवाने मे असमर्थ है। उसने प्रशासन से अपने घर की मरम्मत करवाने के लिए आर्थिक मदद की गुहार लगाई हैए जिस पर संज्ञान लेते हुए अतिरिक्त उपायुक्त ने तुरंत जिला राजस्व विभाग को कार्रवाई करने के आदेश दिए हैं। इसी प्रकार गांव निडानी की जनसेवा समिति के सदस्य रमेश कुमार ने गांव के शमशान घाट की सफाई करवानेए पीने के पानी की टंकी रखवाने व वहां बने चबूतरे में ब्लॉक लगवाने का आवेदन किया। अर्बन एस्टेट निवासी सावित्री देवी समाधान शिविर में अपनी फरियाद लेकर आई जो की पेशे से अध्यापिका के पद से सेवानिवृत्त है, उन्हें अपना प्लाट बेचना है जिसके इंतकाल मे दिक्कत आ रही है। इस पर अतिरिक्त ने संबंधित अधिकारियों को कार्रवाई कर समाधान करने का आदेश दिया।

#### समस्या का निदान होने पर ली राहत की सांस

गांव मनोहरपुर निवासी मनीषा को फैमिली आईडी में पिता का नाम गलत होने के कारण फॉर्म इत्यादि भरने में दिक्कत आ रही थी। इसी प्रकार मोहित भी अपनी फैमिली आईडी में घर के मुखिया का नाम बदलने की फरियाद लेकर आया था। परंन्तु मौके पर ही जब उनकी समस्याओं का समाधान किया गया तो उन्होंने राहत की सांस ली और प्रशासन को इसके लिए धन्यवाद किया। जींद निवासी कमलेश की पुत्रवधू कीर्ति की फैमिली आईडी में जाति अनुसूचित दी हुई है। परंतु उप जाति न दर्शाए जाने के कारण और कीर्ति को कमलेश की पुत्रवधू के स्थान पर पुत्री दर्शाए जाने की वजह से उसकी नौकरी के सत्यापन में बाधा उत्पन्न हो रही है। एडीसी के निर्देशनुसार इस समस्या को गंभीरता से लिया गया व मौके पर ही इसका समाधान किया गया।

#### ये रहे मौजूद

इस मौके पर जिला नगरायुक्त वीरेंद्र सहरावत, जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी डा. किरण सिंह, जींद के एसडीएम राकेश सैनी, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी संदीप भारद्वाज, जिला राजस्व अधिकारी राजकुमार, रैडक्रॉस सोसायटी के सचिव रवि हुड्डा, चुनाव नायब तहसीलदार प्रदीप सरोहा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।




जींद। गंगा स्नान के लिए रवाना होने के मौके पर मौजूद निर्मला रेढू। फोटो :हरिभूमि

# निर्मला रेढू ने संभाली नारी शक्ति की कमान

- महिलाओं को हरिद्वार में मुफ्त गंगा स्नान करवाने के लिए बसों में किया रवाना

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद**

जींद की महिलाओं को हरिद्वार में मुफ्त गंगा स्नान करवाने की प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य बलजीत रेढू की मुहिम की कमान अब उनकी धर्मपत्नी और नारी शक्ति जींद, टीम बलजीत रेढू की निर्मला रेढू ने अपने हाथों में ले ली है। इसके तहत निर्मला रेढू ने सोमवार को जींद के कंडेला गांव से महिलाओं से भरी तीन बसों को हरिद्वार के लिए झंडी दिखाकर रवाना किया।

सोमवार सुबह कंडेला गांव में सबसे पहले गांव की महिलाओं को हरिद्वार में मुफ्त गंगा स्नान करवाने के लिए निर्मला रेढू ने एक बस मंगवाई थी। जैसे ही गांव में हरिद्वार में महिलाओं को मुफ्त गंगा स्नान करवाने के लिए एक बस पहुंची तो बड़ी संख्या में गांव की महिलाएं गंगा स्नान के लिए घरों से बाहर निकल गांव के बस अड्डे के पास पहुंच गई। महिलाओं की 'यादा संख्या को देखते हुए निर्मला रेढू ने गांव में दो और बसें मंगवई। तीनों बसों में सवार सैंकड़ों महिलाएं जब हरिद्वार में मुफ्त गंगा स्नान के लिए रवाना हुई तो उनकी खुशी का कोई ठिकाना नहीं था। महिलाओं ने निर्मला रेढू और उनके साथ जींद से पहुंची शीला चहल, पुष्पा बैरागी, सरला अहलावत आदि के साथ मिल कर गंगा मैया के गीत गए। गंगा मैया के भजनों पर निर्मला रेढू ठेठ ग्रामीण महिलाओं की तरह जम कर नाची। इससे महिलाओं की खुशी और 'यादा बढ़ गई। उन्हें सहसा इस बात का यकीन नहीं हो पाया कि इतने बड़े कारोबारी की धर्मपत्नी निर्मला रेढू ठीक उनकी तरह भजन गाती हैं और भजनों पर उनके साथ नाच रही हैं। नवह खुद को बहुत भाग्यशाली मान रही हैं कि उन्हें इतने बड़े पुण्य के कार्य को करने का मौका मिला है। महिलाओं के चेहरे पर गंगा स्नान को लेकर जो खुशी उन्हें नजर आईए वह उनके लिए एक नया अनुभव है।

# प्रदेश के भाईचारे को खत्म करना चाहती है भाजपा : बीरेंद्र सिंह

- पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह ने बताया भाजपा छोड़ने का कारण

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना**

भाजपा छोड़ कर कांग्रेस में शामिल हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह ने भाजपा छोड़ने के कारणों का खुलासा किया। रजबाहा रोड स्थित सतपाल करसिंधु के आवास पर पहुंचे पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह ने कहा कि जितने भी क्षेत्रीय दल हरियाणा में है वो आज शून्य है। भाजपा ने हरियाणा के लोगों को आहत करने की कोशिश की है। लोकसभा चुनाव में खुद एक जाति विशेष का नाम लेकर आपस में बांटने के लिए प्रचार किया गया। हर जाति के लोगों ने कांग्रेस को वोट दिया। भाजपा की जात-पात की राजनीति को अब मतदाता समझ गया है। भविष्य में आने वाले चुनाव में मतदाता भाजपा को सबक सिखाने का काम करेंगे। मतदाता इस चुनाव में संदेश देंगे कि अगर राजनीति करनी है तो भाईचारा की राजनीति कर लोगों को जोड़ने की राजनीति करो लोगों को आपस में तोड़ने की राजनीति न करें।



उचाना। पत्रकारों से बातचीत करते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह। फोटो :हरिभूमि



### यूथ एंड इको क्लब के तहत सात दिवसीय शिविर का किया शुभारंभ

**सफीदों ।** सफीदों के राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में यूथ एंड इको क्लब के तहत सात दिवसीय कैंप का शुभारंभ प्राचार्य डा. योगेंद्रपाल सिंह ने किया। यूथ एंड इको क्लब के इंचार्ज राजेश कुमार व पवन कुमार ने बच्चों को सफीदों की नर्सरी का भ्रमण करवाया और वहां पर बच्चों को विभिन्न प्रकार के पेड़ पौधों के बारे में जानकारी दिलाई। बच्चों व स्टाफ सदस्यों द्वारा पर्यावरण जागरूकता रैली भी निकाली गई। रैली को प्राचार्य योगेंद्रपाल सिंह ने झंडी दिखाकर रवाना किया। अपने संबोधन में प्राचार्य डॉक्टर योगेंद्रपाल सिंह ने यूथ एंड इको क्लब के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्राकृतिक संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग, स्थिरता और संरक्षण पर जागरूकता और शिक्षा विकसित करके छात्रों में पर्यावरण मित्रता की भावना पैदा करना है। हमें स्वस्थ जीवन शैली अपनानी चाहिए। हमें अपने खानपान का विशेष ध्यान रखना चाहिए।

# सावन में हरिद्वार, गौमुख जाने वाले पुलिस को दें पूरी जानकारी : पवन

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना**



- कांवड लेकर जाने वालों से पुलिस की अपील

शिवरात्रि के पर्व पर हरिद्वार, गौमुख से कांवड लेने के लिए जाने वाले सभी कांवडिये पुलिस थाना, चौकी में कितने सदस्य कांवड लेने जाएंगे उन सभी के नाम, पता एवं मोबाइल नंबर की सूची दे। थाना प्रभारी पवन कुमार ने बताया कि पुलिस के पास ये रिकॉर्ड होगा कि उचाना क्षेत्र से कितने कांवड लेने के लिए शिव भक्त गए है तो किसी प्रकार की अनहोनी होती है तो उसका पता चलने के साथ-साथ यह भी जानकारी प्राप्त होगी कि कितने श्रद्धालु हरिद्वार, गौमुख जाएगा ताकि वहां पर श्रद्धालुओं के हिसाब से व्यवस्था प्रशासन बना सकें। थाना प्रभारी ने कहा कि सावन के माह में उचाना क्षेत्र से काफी संख्या में डाक कांवड सहित अन्य कांवड लेने के लिए शिवभक्त रवाना होते है। इन शिवभक्तों से पुलिस प्रशासन ने अपील की है कि वो अपनी पूरी जानकारी पुलिस को मुहैय्या करवाए। इसको लेकर जो पुलिस, चौकी के एरिया में जांच अधिकारी है वो वहां की पंचायत, सामाजिक लोगों के माध्यम से भी कांवड लेने जाने वालों को पुलिस को पूरी जानकारी देने कीअपील करेंगे। डाक कांवड लेकर जाने वालों को जो वाहन वो लेकर जाएंगे उनके गाड़ी के नंबर भी नोट करवाने है। जो सावन के माह में कांवड न लेकर परिवार के साथ या अकेला हरिद्वार, गौमुख जा रहा है तो वो भी अपनी सूचना जरूर पुलिस को दे।




जींद। राजकीय महाविद्यालय में पौधरोपण करते हुए। फोटो :हरिभूमि

### ग्लोबल वार्मिंग के खतरे को देखते अधिक से अधिक पौधरोपण करने की आवश्यकता : सत्यवान मलिक

**जींद।** राजकीय महाविद्यालय की एनएसएस यूनिट द्वारा सोमवार को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर कॉलेज में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अध्यक्षता प्राचार्य सत्यवान मलिक ने की। प्राचार्य सत्यवान मलिक ने छात्रों को कहा कि हमें ग्लोबल वार्मिंग के खतरे को देखते हुए अधिक से अधिक पौधरोपण की आवश्यकता है। जिससे पृथ्वी पर ऑक्सीजन व कार्बन डाइऑक्साइड की मात्रा को संतुलित किया जा सके। कहा कि छात्र पर्यावरण बचाओ के संदेश को अपने तक सीमित न रखें। बल्कि सोशल मीडिया व अन्य प्रचार माध्यमों से इसे जन जन तक पहुंचाने का कार्य करें। कार्यक्रम को सफल बनाने में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी अमन नैन, भारतीय स्टेट बैंक अधिकारी जितेंद्र गुप्ताए राम स्वरूप चौधरीए प्रवीण गोरिया का विशेष योगदान रहा।

# पचास युवाओं ने किया रक्तदान

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| जुलाना**

जुलाना कस्बे के जेबीएम स्कूल में चौधरी शेर सिंह मैमोरियल शांति देवी ट्रस्ट द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य जांच व रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी डा सुरेश अहलावत ने की। शिविर में 580 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की गई और 50 युवाओं ने रक्तदान किया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में एचपीएससी बोर्ड के सदस्य आनंद शर्मा ने शिरकत की। डा सुरेश अहलावत ने कहा कि उनकी माता शांति देवी की 17 वीं पुण्यतिथि पर कस्बे के जेबीएम स्कूल में कार्यक्रम आयोजित किय गया कैंप में अनुभवी चिकित्सकों की टीम मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की जाएगी और निशुल्क दवाएं भी दी गई। लोगों को संबोधित करते हुए आनंद शर्मा ने कहा कि रक्तदान करना पुण्य का काम है। हमारे द्वारा दिया गया रक्त किसी जरूरतमंद की जान बचा सकता है। डा. सुरेश अहलावत ने कहा कि ग्रामीण आंचल में रहने वाले लोग स्वास्थ्य के प्रति जागरूक नही है। कैंप का उदेश्य है कि ग्रामीण आंचल में रहने वाले लोग स्वास्थ्य के प्रति जागरूक हों और बीमारी होने पर तुरंत चिकित्सक को दिखाएं ताकि बीमारी गंभीर रूप धारण ना कर सके।



जुलाना। कैंप में रक्तदाताओं को बैच लगाकर सम्मानित करते आयोजक।



जुलाना। बैंक में रक्तदाताओं को बैच लगाकर सम्मानित करते मुख्यातिथि।

### शिविर में 40 युवाओं ने किया रक्तदान

**जुलाना।** कस्बे के एसबीआई बैंक में स्थापना दिवस के मौके पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी सुभाष ढिगाना ने की। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में मार्केटिंग बोर्ड के एसई नवीन दहिया ने शिरकत की। शिविर में 40 युवाओं ने रक्तदान किया। कार्यक्रम में लोगों को संबोधित करते हुए नवीन दहिया ने कहा कि रक्तदान करने से शरीर में किसी प्रकार की कोई कमी नही आती बल्कि शरीर पहले के मुकाबले और अधिक स्वस्थ बनता है। रक्त का कोई और अन्य विकल्प नही है इसे केवल मानव शरीर से ही पाया जा सकता है। इस लिए युवाओं को चाहिए कि वो नियमित रूप से रक्तदान करें। इस मौके पर आरोग्यम फाउंडेशन के अध्यक्ष डा. योगेश नांदल, तरूण शर्मा, बिरेंद्र लाठर, कुका मिस्त्री आदि मौजूद रहे।

### कार्यकारी अभियंता ने मोबाइल वैन को दिखाई हरी झंडी

# मोबाइल वैन गांव-गांव पेयजल की जांच करेगी

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद**

जल जीवन मिशन के तहत पेयजल गुणवत्ता की जांच वाली मोबाइल वैन को जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के कार्यकारी अभियंता एवं नोडल अधिकारी जगदीप दलाल व संजीव कुमार ने सोमवार को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। यह मोबाइल वैन गांव-गांव जाकर पेयजल की जांच करेगी। इस मौके पर जिला सलाहकार रणधीर मताना, जिला जींद केमिस्ट विरेंद्र कुमार, कनिष्ट अभियंता सचिन कुमार, मोबाइल वैन कैमिस्ट उज्ज्वल कुमार, खंड समन्वयक दिनेश मलिक, सुरेंद्र नरवाल, बलवान आर्य, ईश्वर लोहान, कुशल शर्मा, सुरेंद्र दुग्गल, सोमलता सैनी, सुपरवाइजर राजेश कुमार, मोबाइल वैन ड्राइवर सेवानंद सहित विभाग के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यकारी अभियंता जगदीप दलाल व संजीव कुमार ने संयुक्त रूप से कहा कि जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग हरियाणा द्वारा प्रदेशभर के जिलों में मोबाइल वैन के माध्यम से गांव-गांव जाकर मौके पर ही पेयजल की केमिकल जांच करवाई जा रही है ताकि सभी को स्वच्छ जल उपलबध हो सके। इसी कड़ी में जिला जींद में पहुंची मोबाइल वैन एक जुलाई से 31 अगस्त तक जिला की सभी ग्राम पंचायतों में जाकर पानी की जांच करेगी। उन्होंने कहा कि पानी का हमारे जीवन में विशेष महत्व है। इसलिए इसकी गुणवत्ता काफी मायने रखती है। जल जीवन मिशन व जल शक्ति अभियान के तहत यही संदेश जिला प्रशासन व विभाग के द्वारा लगातार आमजन तक पहुचाया जा रहा है।



जींद। पेयजल वैन को हरी झंडी दिखा कर रवाना करते हुए। फोटो :हरिभूमि

#### मौके पर ग्रामीणों को पेयजल की जांच रिपोर्ट मिलेगी

मौके पर जिला सलाहकार रणधीर मताना व जिला केमिष्ट विरेंद्र कुमार ने बताया कि वैन का मुख्य उद्देश्य आमजन को पीने के पानी की गुणवत्ता के प्रति जागरूक करना है। यह एक चलती-फिरती पानी जांच करने की लैब है, जो दूर दराज के इलाकों में सबसे उपयोगी साबित होती हैं। इसके साथ ही महामारी व आपतकाल की स्थिति पैदा होने पर यह मोबाइल वैन गांव में कुछ समय तक स्टेशन लैब के रूप में भी स्थापित की जा सकती है। मौके पर ही पानी के सैंपल चैक करने से ग्रामीणों का विश्वास विभाग पर बढेगा। सोमवार को मोबाइल वैन द्वारा गांव हैबतपुर, खोखरी, बोहतवाला, दालमवाला, श्रीरागखेड़ा, शाहपुर, कंडेला व जीवनपुर में जाकर पेयजल की जांच की गई व मौके पर ही ग्रामीणों को पेयजल की जांच रिपोर्ट दिखई गई।




जींद। सेमिनार को संबोधित करते हुए वक्ता। फोटो :हरिभूमि

### छात्रों को तीन आपराधिक कानूनों की दी जानकारी

**जींद।** हिंदू कन्या महाविद्यालय के कानूनी साक्षरता सेल के तहत नई अपराधिक कानून व्यवस्था विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या डा. पूनम मोर ने की। सेमिनार का आयोजन कानूनी साक्षरता सेल की संयोजिका डा. सुषमा हुड्डा द्वारा किया गया। सेमिनार के मुख्य वक्ता एडवोकेट विजय शर्मा एवं वक्ता एडवोकेट मनीषा जांगड़ा एवं एडवोकेट विकास मलिक रहे। मुख्य वक्ता विजय शर्मा ने एक जुलाई 2024 से संपूर्ण भारत में लागू होने वाले तीन आपराधिक कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम के बारे में बताया। इस सेमिनार में 40 छात्राओं ने भाग लिया। सेमिनार का समापन डा. सुषमा हुड्डा, कंप्यूटर विभाग से सुनीता, शिवानी उपस्थिति रही।

## खबर संक्षेप

### मिट्टी घोटाले की जांच करवाई जाए: किन्द्र सिंह

**गुहला-चीका।** भारतीय किसान यूनियन ने मिट्टी घोटाले की जांच किसी रिटायर्ड जज से करवाने की मांग की है। मालूम रहे कि कई दिनों से यहां घग्गर नदी में चल रहे कथित मिट्टी घोटाले की जांच हेतु गुहला प्रशासन ने तीन सदस्यी कमेटी तो गठित कर दी परंतु भारतीय किसान यूनियन ने उक्त लोकल स्तरीय अधिकारियों की टीम पर ही सवालिया निशान लगा दिए। भाकियू के जिला प्रभारी किन्द्र सिंह ने आज यहां पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

### नशा न करने के बारे में किया जागरूक

**कैथल।** एसआई कर्मबीर सिंह,एएसआई ओमप्रकाश, एचसी सुनील कुमार, महिला सिपाही रीतु तथा होमगार्ड गुरदेव की टीम द्वारा सीवन, कांगथली, पीडल, चीका, दुब्बल, गुहणा, पाडला व थेह मुकेरिया में आमजन को नशे जैसी सामाजिक बुराई से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि इस दौरान पुलिस टीम द्वारा जानकारी दी गई कि नशा एक सामाजिक बुराई है। इसका सेवन किसी भी प्रकार से हितकारी नहीं है।

### स्कूल में समर कैंप का आयोजन

**राजौंद।** राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय राजौंद में प्रधानाचार्य भूपेंद्र सिंह की अध्यक्षता में यूथ एवं इको क्लब के सात दिवसीय समर कैंप की शुरूआत की गई। कैंप के पहले दिन प्रधानाचार्य भूपेंद्र सिंह की अध्यक्षता में क्लब के निरीक्षक विकास नेहरा ने विद्यार्थियों को स्वस्थ जीवन शैली और पर्यावरण संरक्षण के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान क्लब के प्रभारी प्रशान्त ने विद्यार्थियो को वृक्षारोपण और उनकी देखभाल के बारे में जानकारी दी।

### गांव माघो माजरी में चलाया पौधरोपण अभियान

**कैथल।** अखिल भारतीय मानव सेवा समिति द्वारा गांव माघो माजरी में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। समिति के प्रधान जोगेंद्र ढूल ने जल और पौधे को जीवन का आधार बताया। पर्यावरण को बचाने के लिए पौधे अवश्य ही लगाने चाहिए। गांव के सरपंच राजकुमार फौजी, सनराइज स्कूल के एमडी खुशीराम दलाल एवं डॉ बीरबल दलाल की सहायता से समिति द्वारा 51 पौधे लगाए गए।

## शिविर में 112 शिकायतें आई, 17 का किया मौके पर समाधान

# समाधान शिविर में डीसी, एडीसी, एसपी उपासना व एसडीएम ने सुनी समस्याएं



कैथल। डीसी प्रशांत पंवार, एडीसी सी. जया श्रद्धा, एसपी उपासना लोगों की शिकायत सुनते हुए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

- अधिकारियों को जल्द समाधान के निर्देश दिए

सोमवार को लघु सचिवालय में लगे समाधान शिविर में डीसी प्रशांत पंवार, एडीसी सी. जया श्रद्धा, एसपी उपासना, एसडीएम ब्रह्म प्रकाश सहित अन्य अधिकारियों ने लोगों की समस्याएं सुनी। सोमवार को समाधान शिविर में 112 शिकायतें आई, इनमें से 17 को मौके पर समाधान किया गया और अन्य को लेकर संबंधित अधिकारियों को जल्द समाधान के निर्देश दिए। एक छत के नीचे सभी अधिकारियों के मिल जाने से आमजन खुश नजर आ रहे हैं। डीसी प्रशांत पंवार ने कहा कि आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए आयोजित किए जा रहे समाधान शिविर का असर धरातल पर दिखाई दे रहा है। जहां परिवार पहचान पत्र में लोगों की त्रुटि मौके पर ही ठीक की जा रही है वहीं वृद्ध महिलाओं, बुजुर्गों और दिव्यांगजनों की पेंशन बनाई जा रही है। शिविर में आई किठाना गांव की दुफर देवी बुढ़ापा पेंशन बनवाने के लिए आई, जहां डीसी प्रशांत पंवार ने संबंधित अधिकारियों को पेंशन बनाने के निर्देश दिए। संबंधित अधिकारियों को कार्यवाही की गई और बताया कि आवेदन स्वीकार कर लिया गया है और आगामी 15 दिन में पेंशन बन जाएगी। वहीं नौच गांव से आई संतरो ने बताया कि उसके परिवार पहचान पत्र में रिलेशन गलत दशार्या गया था। इस समस्या को लेकर वह समाधान शिविर में आई थी, जहां अधिकारियों द्वारा उसकी समस्या को ध्यान से सुना गया और मौके पर ही इस त्रुटि को दुरूस्त किया गया। इसी प्रकार वार्ड 30 में प्रताप गेट पाडला रोड से लेकर शमशान कल्याण भूमि शेड तक रोड को बनवाने के लिए शिविर में शिकायत दी, जिस पर डीसी प्रशांत पंवार ने पीडब्ल्यूडी अधिकारियों को जांच कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए।



गुहला चीका। समाधान शिविर में आमजन की समस्याएं सुनते हुए अधिकारी

### एक छत के नीचे हो रहा आमजन की समस्याओं का समाधान : कृष्ण कुमार

**गुहला-चीका।** एसडीएम कृष्ण कुमार ने बताया कि हर कार्य दिवस में उपमंडल स्तरीय समाधान शिविर का आयोजन खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी चीका कार्यालय में किया जा रहा है। जिसमें जनता की समस्याओं का समाधान एक ही छत के नीचे किया जा रहा है। सोमवार को सुबह नौ से 11 बजे तक लगाए गए इस समाधान शिविर में आमजन ने अपनी-अपनी समस्याएं रखी, जिनका मौके पर ही समाधान किया गया। एसडीएम ने कहा कि अधिकारियों के पास शिकायतें लेकर आने वाले लोगों को अब अलग-अलग कार्यालयों के चक्कर नहीं काटने पड़ते है। सभी शिकायतों का समाधान एक ही छत के नीचे एक ही जगह किया जा रहा है। सोमवार को आयोजित शिविर में 25 शिकायतें आई जिनमें से लगभग सभी शिकायतों का मौके पर ही समाधान किया गया।एसडीएम ने बताया कि निरंतर लगाए जा रहे समाधान शिविरों में पुलिस विभाग, राजस्व, नगर निकाय, समाज कल्याण, पंचायत विभाग, जिला समाज कल्याण विभाग व अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं सें जुड़े तमाम विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर समस्याओं का समाधान मौके पर ही किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इन समाधान शिविरों से आमजन को उनकी समस्या से छूटकारा मिल रहा है। उन्होंने बताया कि सोमवार को आयोजित समाधान शिविर में गांव माजरी से आए प्रकाश सिंह व गांव शहीद भगत सिंह नगर से आए शेर सिंह ने बुढ़ापा पेंशन का लाभ प्राप्त किया। इन लाभार्थियों ने सरकार द्वारा लगाए जा रहे समाधान शिविरों की सरहाना की। इसी प्रकार शिविर में गांव भागल से आई बलविंद्र कौर ने परिवार पहचान पत्र में जन्म तिथि को ठीक करवाया।

## गुहला हलका में साढ़े चार वर्षों से चल रहे विकास कार्य : ईश्वर

- विधायक ने अपने निवास पर पत्रकारों से बातचीत की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला-चीका



पत्रकारों से बातचीत करते हुए विधायक ईश्वर सिंह।

गुहला विधायक ईश्वर सिंह ने कहा है कि गुहला में विकास का पहिया लगातार घूम रहा है और अब तक अरबों रुपयों के विकास कार्य हो चुके हैं। विधायक आज अपने निवास पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वे यहां लगातार 1977 से हलके के लोगों की सेवा करते आ रहे हैं और भविष्य में भी वे निरंतर लोगों के काम करते रहेंगे। विधायक ने कहा कि जब वे पहली बार 1977 में विधायक बने थे, तो उन्होंने यहां सब डिवीजन, कोर्ट, डी.ए.वी. कालेज आदि के साथ गुहला का निर्माण कार्य शुरू करवाया था और जब वे राज्यसभा सदस्य थे, तो उन्होंने अपनी ग्रांट की 80 प्रतिशत राशि गुहला हलका में लगाई थी, जो कि एक रिकार्ड है। उन्होंने कहा कि विकास करवाना उनका फर्ज है क्योंकि वे आज जो कुछ भी हैं, गुहला हलका के लोगों की बदौलत ही हैं। ईश्वर सिंह ने कहा कि वे ताउम्र गुहला हलका के लोगों की सेवा करते रहेंगे। उन्होंने बताया कि 559.36 लाख रुपए की लागत से भागल सब यार्ड, गांव भागल में ही महा ग्राम योजना के तहत 23 करोड़ रुपए की लागत से सीवरेज निर्माण कार्य, सीवन में 22 करोड़ रुपए की लागत से अस्पताल, 14 करोड़ रुपए की ग्रांट विभिन्न स्कूलों में दी गई, मार्केटिंग बोर्ड से 30 नई सडकें मंजूर करवाई गई। ईश्वर सिंह ने बताया कि चीका शहर में 493.82 रुपए की लागत से जिमखाना कल्ब का निर्माण शुरू, 9 करोड़ रुपए की लागत से खेल स्टेडियम का निर्माण करवाया गया। ईश्वर सिंह ने बताया कि बात यहीं खत्म नहीं होती अलबत्ता हलके के सबसे बड़े गांव को नगरपालिका का दर्जा दिलवाकर सीवन महा ग्राम के तहत 3060.45 लाख रुपए की प्रशासनिक स्वीकृति मिली।

### यह विकास कार्य करवाए गए

विधायक ईश्वर सिंह ने बताया कि यूं तो यदि सभी विकास कार्य गिनवाए जाएं, तो बहुत लम्बी लिस्ट बन जाएगी परंतु मुख्य मुख्य कार्यों में उन्होंने बताया कि अरनौली में एक सब यार्ड जो 1976 में स्थापित हुआ था और उसकी किसी ने सुध नहीं ली थी परंतु अब उन्होंने 46 वर्षों के बाद 448.91 लाख रुपए की लागत से कॉमन प्लेटफार्म, शेड, अतिरिक्त प्लेटफार्म, सडकें, सुलभ शौचालय, लाइट व पानी की व्यवस्था करवाई। विधायक ईश्वर सिंह ने बताया कि 11 करोड़ 66 लाख रुपए की लागत से भूना एवं उरलाना माइनर बनवाए गए, पी.डब्ल्यू.डी. कार्यालय व रिहायश के लिए 685.27 रुपए मंजूर करवाए गए, एच.आर.डी.एफ. के तहत भूना, बलबेहड़ा व चक्कू लद्दाना में तीन आधुनिक कम्यूनिटी सेंटरों का निर्माण करवाया गया।

## विश्वविद्यालय में मनाया चार्टर्ड अकाउंटेंट दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल





कुलपति महोदय प्रो. शमीम अहमद चार्टर्ड अकाउंटेंट सुरेन्द्र सलुजा का स्वागत करते हुए

एनआई आई एल एम विश्वविद्यालय कैथल के कॉमर्स एंड मैनेजमेंट विभाग के तत्वाधान में चार्टर्ड अकाउंटेंट दिवस मनाया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रुप विश्वविद्यालय कुलपति प्रो.शमीम अहमद ने शिरकत की एंव मुख्य वक्ता के रूप में चार्टर्ड अकाउंटेंट सुरेन्द्र सलूजा ने अपना वक्तव्य दिया। कुलपति महोदय प्रो. शमीम अहमद कहा की भारत में राष्ट्रीय चार्टर्ड अकाउंटेंट दिवस 1 जुलाई को मनाया जाता है। यह दिन 1949 में एक संसदीय अधिनियम के माध्यम से इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) की स्थापना की याद दिलाता है। आईसीएआई को चार्टर्ड अकाउंटेंट के लिए दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा पेशेवर संगठन होने का गौरव प्राप्त है। मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए चार्टर्ड अकाउंटेंट सुरेन्द्र सलुजा ने कहा की आई सी ए आई, एक वैधानिक निकाय के रूप में कार्य करते हुए, भारत में चार्टर्ड अकाउंटेंसी पेशे की देखरेख के लिए जिम्मेदार है।आईसीएआई के गठन से पहले, देश में लेखांकन पेशे में विनियमन का अभाव था। आईसीएआई की स्थापना से पूरे देश में चार्टर्ड अकाउंटेंट की शिक्षा, योग्यता और पेशेवर आचरण को नियंत्रित करने वाला एक संरचित ढांचा तैयार हुआ। इस अवसर पर डीन आफ कॉमर्स एंड मैनेजमेंट डॉ.रेखा गुप्ता,विश्वविद्यालय जनसंपर्क अधिकारी डॉ.मनोज कुमार, अरविंद श्योराण, रीना कोशिक एवम सभी प्राध्यापकगण और छात्र विशेष रूप से मौजूद रहे।

### लोस व विस चुनाव में होता है काफी अंतर : नरेंद्र शर्मा

**पूंडरी।** विधानसभा चुनाव में 3 महीने बाकी है और वे चुनाव लडऩे के लिए पूरी तरह तैयार हैं, अबकी बार पूंडरी विधानसभा से आम आदमी पार्टी जीत दर्ज करेगी। उपरोक्त शब्द आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता व पूर्व मंत्री नरेंद्र शर्मा ने जनसंपर्क अभियान के दौरान गांव सिरसल में ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहे। उन्होंने कहा कि पार्टी जिसको टिकट देगी, यह पार्टी का फैसला है। यदि उन्हें टिकट देगी तो वे दावा करते हैं कि अबकी बार हजारों मतों से पूंडरी हल्के से आम आदमी पार्टी जीत दर्ज करेगी। नरेंद्र शर्मा ने कहा कि लोकसभा चुनाव में और विधानसभा चुनाव में दिन-रात का अंतर होता है। उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र सीट पर भी मुकाबला भाजपा और इंडिया गठबंधन के बीच रहा है और भविष्य में भी भाजपा व आप पार्टी का ही मुकाबला होगा।

## भाजपा के कार्यकर्ता करेंगे प्रचार: वेदपाल

- जिलाध्यक्ष ने पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया
- बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अशोक गुर्जर ने की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल





कैथल। एडवोकेट वेदपाल का स्वागत करते भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक गुर्जर

भाजपा कार्यालय कपिल कमल में भाजपा की कोर ग्रुप की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्यातिथि के रूप में प्रदेश उपाध्यक्ष एडवोकेट वेदपाल और जिला प्रभारी मनीष यादव ने शिरकत की। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अशोक गुर्जर ने की। मुख्यातिथि एडवोकेट वेदपाल को जिलाध्यक्ष अशोक गुर्जर ने पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। जिला कोरग्रुप की बैठक में जिला प्रभारी मनीष यादव एवं कलायत विधायिका कमलेश ढांडा ने विशेष रूप से शिरकत की। मुख्यातिथि एडवोकेट वेदपाल ने कहा की भाजपा ने आगामी 10 दिनों के कार्यक्रम तय किए है। उन्ही कार्यक्रमों को लेकर आज कौर ग्रुप की बैठक का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा की आगामी कार्यक्रम में जिला कार्यकारिणी की बैठक और मंडलों की कार्यकारिणी की बैठक मुख्य रूप से शामिल है। उन्होंने कहा की भाजपा के कार्यकर्ता सभी बूथों पर जाकर पार्टी की नीतियों और योजनाएं का भरपूर प्रचार प्रसार करेगा। उन्होंने आगे कहा कि विधानसभा चुनाव में हरियाणा ने बीजेपी पर भरोसा जताया है। हमें यकीन है कि तीसरी बार प्रदेश में बीजेपी की सरकार बनेगी। बीजेपी कार्यकर्ता आधारित पार्टी है। हरियाणा देश में तेजी लाने वाला प्रारूप है. उन्होंने कहा कि हमारे विपक्षियों के पास कोई राजनीतिक एजेंडा नहीं है। केवल भ्रम झूठ फैलाने का काम किया है।



### सीएम सैनी के नेतृत्व में फिर बनेगी भाजपा सरकार: कठवाड

**कैथल।** प्रदेश में नायब सैनी के नेतृत्व में फिर भाजपा की तीसरी बार सरकार बनेगी। भाजपा सरकार आए दिन लोगों के लिए नई-नई योजनाएं ला रही है। इसका लोगों को सीधा फायदा पहुंच रहा है। ये शब्द पूर्व जिला पार्षद के वाइस चेयरमैन व भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मुनीष कठवाड गावं गुहणा की चहल पट्टी, गांव दयौरा, मानस, बाबा लदाना, सांघन में जनसंपर्क अभियान के दौरान बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत योजना के तहत आने वाले लोगों को 5 लाख रुपये तक का इलाज मुफ्त देने की सुविधा प्रदान की जा रही है। हरियाणा रोडवेज की बसों में एक लाख से कम इनकम वाले लोगों को एक हजार किलोमीटर तक फ्री सफर करवाया जा रहा है। इसके लिए हैप्पी कार्ड योजना सरकार ने शुरू की है। सभी लाभार्थियों को कार्ड वितरित किए जा रहे हैं। किसानों को प्रधानमंत्री सम्मान निधि के तहत वर्ष में छह हजार रुपए किसानों के खाते में डालने का सरकार काम कर रही है। बुढ़ापा पेंशन प्रदेश की सरकार ने 3 हजार रुपए कर दी है। नए ट्यूबल कनेक्शन लेने के लिए पोर्टल खोला जाएगा। इस मौके पर वृषभान चहल, रामदिया, दलबीर, रामपाल, बलवान, कुलदीप, कर्मबीर, सुरेश चहल, उमेश, विनोद व जसबीर मौजूद रहे।

## बच्चों ने किया जामुन वाटिका वन में भ्रमण

- कार्यक्रम में पांच सामाजिक कार्यकर्ताओं का सहयोग रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सीवन





जामुन वाटिका वन औषधि उद्यान में भ्रमण करते बच्चे

राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल सीवन में इको क्लब मिशन फ़ोर लाइफ कार्यक्रम के तत्वावधान में इको क्लब के नोडल अधिकारी संदीप दुहन के नेतृत्व व स्टाफ सदस्यों के सहयोग से 30 बच्चों को जामुन वाटिका वन औषधि उद्यान सीवन में भ्रमण करवाया गया। इस कार्यक्रम में शिक्षा समाज से जुड़े गांवों के पांच सामाजिक कार्यकर्ताओं का भी सहयोग रहा। इन सदस्यों ने भ्रमण से पहले गांव में मौजूद इको क्लब से जुड़े स्थान को भ्रमण करने हेतु भ्रमण से जुड़ी स्थलों की जानकारी के बारे में सहयोग दिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य सुदर्शन शर्मा द्वारा भ्रमण टीम को हरी झंड़ी दी गई। सबसे पहले छात्रों को नागा बाबा के डेरे में ले जाया गया जहां बच्चों ने बायोगैस प्लांट का निरीक्षण किया और गोबर के द्वारा उत्पादित बायोगैस की प्रक्रिया को छात्रों को सरलता पूर्वक विस्तार से समझा। इसके उपरांत छात्रों को जामुन वाटिका वन औषधि उद्यान सीवन में ले जाया गया जहां बच्चों में विभिन्न प्रकार के औषधि पौधों के बारे में विस्तार से जाना। वाटिका में उपस्थित कर्मचारी ने सभी औषधि पौधों के बारे में विस्तार से बताते हुए छात्रों को बताया कि अश्वगंधा पेट से जुड़ी विभिन्न बीमारियों में रामबाण का काम करता है। इसी कड़ी में नीम के बारे में बताया कि नीम विभिन्न प्रकार की आयुर्वेदिक व एलोपैथिक दवाइयों में काम आता है। उन्होंने बताया कि कड़ी पत्ता पाचन शक्ति के लिए रामबाण का काम करता है।

### बाबा ऋषि नाथ की पुण्य तिथि पर लगाया भंडारा

**राजौंद।** राजौंद के वार्ड नंबर 4 में पुरानी अनाज मंडी के पास स्थित बाबा ऋषि नाथ की कुटिया में सिद्ध योगी बाबा ऋषि नाथ की पुण्य तिथि पर भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में आसपास के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। पूरा भंडारा देसी घी से तैयार किया गया था।इस दौरान बाबा मुकेश नाथ ने बताया कि हर वर्ष बाबा ऋषि नाथ जी की पुण्यतिथि पर भंडारे का आयोजन किया जाता है। भंडारे से पहले सुबह विधिवत रूप से हवन किया गया। उन्होंने कहा कि आज भी सच्चे मन से ध्यान करके मांगी गई हर मुराद को बाबा जी अवश्य ही पूरा करते है। बाबा ऋषि नाथ के स्थान से अब तक कई लोग मन्नतें मांगकर अपना जीवन सुधार चुके है।

### नंबरदार अपने पद की गरिमा और मयार्दा के अनुरूप कार्य करें : नैन

**गुहला-चीका।** नंबरदारी का पद एक गरिमा और विवेक से कार्य करने का पद है। नंबरदारी प्रथा प्राचीन काल से चली आ रही है। कुछ विचार हरियाणा नंबरदार एसोसिएशन के प्रदेश प्रवक्ता अधिवक्ता जीवन सिंह में ने ताऊ देवीलाल पार्क में नंबरदारो की एक मीटिंग को संबोधित करते हुए कहे।नैन ने कहा कि नंबरदारी प्रथा के साथ-साथ प्रशासन की आंख और कान का काम भी नंबरदार करते हैं रजिस्ट्री और इंतकाल के समय सही बारिशों की पहचान करना नंबरदार का प्रमुख कर्तव्य है, गलत वारिस इंतकाल में दर्ज होने से जहां संपत्ति के अनेक विवादों को जन्म होता है, वहीं सामाजिक भाईचारा समाप्त हो जाता है मुकदमा कोर्ट कछारियों में चलने के कारण कहीं-कहीं पीडिया को इसकाअंजाम बहुत ना पड़ता है।

**सूचना**

मैं, कप्तान पुत्र श्री छतर निवासी गांव पडाना जिला जीन्द बयान करता हूं कि मेरा पुत्र अमन मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## ऑपरेशन — गुमशुदा बच्चों तथा महिलाओं की मुस्कान लौटाने के लिए पुलिस प्रयासरत

# जुलाई में पुलिस चलाएगी ऑपरेशन स्माइल अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



हरियाणा पुलिस द्वारा जुलाई माह में ऑपरेशन स्माइल नाम से मुहिम चलाई गई है। मुहिम दौरान पुलिस द्वारा गुमशुदा/बाल मजदुर/ या अन्य प्रकार से शोषित बच्चो व महिलाओं को ढूंढकर परिजनों तक पहुंचाकर उनकी मुस्कान लौटाने का काम किया जाएगा। इस मुहिम के लिए कैथल पुलिस से एक टीम का गठन किया गया है, जो टीम में पीएसआई सुमित, एसआई ईश्वर सिंह, एसआई विरेंद्र कुमार, एसआई राजेश, लेडी एचसी सरोज व महिला सिपाही शीतल शामिल है। टीम में महिलाओं और बच्चों से पूछताछ करने के लिए महिला पुलिस कर्मचारियों की नियुक्ति की गई है एसपी उपासना ने बताया कि इस अभियान के माध्यम से पुलिस का मुख्य उद्देश्य मानव तस्करी के बारे में जागरूकता और नागरिकों को मानव तस्करी के बारे में किसी भी संदिग्ध गतिविधि का पता चलने पर उसकी रिपोर्ट करने के लिए प्रोत्साहित करना है। उन्होंने कहा कि इस अभियान में जिले के मानव तस्करी विरोधी इकाइयों, समाज कल्याण विभाग, श्रम विभाग, डब्ल्यूसीडी/डीसीपीयू विभाग, स्वास्थ्य विभाग, वन स्टॉप सेंटर टीम (जिला कानूनी सेवा प्राधिकरण), बाल कल्याण समितियां (सीडब्ल्यूसी) आदि विभागों की भी सहायता ली जाएगी।

### गुम हुई महिला सहित 4 बच्चों को ढूंढा गया

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि थाना सदर क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति की शिकायत अनुसार उसकी 25 वर्षीय बेटी जो पिछले 6 महीनों से उसके पास रह रही थी जो 29 जून को अपनी 4 बेटियों के साथ बिना बताए घर से कहीं चली गई। जिस बारे थाना सदर में गुमशुदगी बारे मामला दर्ज किया गया था। प्रवक्ता ने बताया कि ऑपरेशन मुस्कान तहत पुलिस टीम द्वारा उक्त महिला सहित उसकी बेटियों को गांव कैलरम से ढूंढ लिया गया।





### जरूरतमंद परिवारों को कपड़ा, जूते, खिलौने बांटे

**पूंडरी।** भारत विकास परिषद फतेहपुर-पूंडरी शाखा की तरफ से सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत हुडा पार्क नं. 4 और नई मंडी शेड के नीचे जरूरतमंद परिवारों को कपड़ा, जूते, किताबें और खिलौने वितरित किये गये। महिला सहभागिता प्रमुख निधि मोहन ने बताया कि सेवा पखवाड़ा 27 जून से 7 जुलाई तक चलेगा। जिसमें 3 जुलाई से 10 जुलाई तक महिलाओं और लड़कियों के लिए निशुल्क मेहंदी प्रशिक्षण ग्रीन एवरशिप पार्लर अनाज मंडी बैक साइड पूंडरी में दिया जाएगा। जिसके लिए समय शाम 4 से 6 बजे तक है। इसके लिए किसी से भी कोई मेहंदी सीखने का चार्ज नहीं लिया जाएगा। इस दौरान मेहंदी लगाने का प्रशिक्षण पाने महिला व लड़कियों को अपनी मेहंदी कोन, ड्राइंग बुक, पेंसिल लेकर आना होगा। इस मौके पर शाखा संरक्षक विनोद बंसल, शाखा अध्यक्ष प्रवीण मित्तल, संगठन सचिव डॉ. राजेश कुकरेजा, डॉ. मनोज मंगल, शाखा सहभागिता प्रमुख निधि मोहन, डॉ. मनीषा मंगल व वंदना मित्तल भी मौजूद थी।

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर परिषद, जींद की किराया शाखा के रिकॉर्ड में दुकान/ खोखा नं. 22, नजदीक घंटाघर जींद की किरायेदारी विरेन्द्र सिंह पुत्र श्री चन्दुलाल के नाम दर्ज है। तहसीलदार महोदय के तस्दीक दिनांक 16.12.2022 के अनुसार मृतक के कानूनी वारिसान पत्नी रविकान्ता, पुत्री सीता, पुत्री अल्का, पुत्र विवेक तथा पुत्र विशाल हैं। अब प्रार्थी विशाल पुत्र स्व. श्री विरेन्द्र सिंह उक्त दुकान की किरायेदारी में वसीयत/वारिसान तथा शपथ पत्र के आधार पर नाम तब्दील करवाना चाहते हैं। यदि किसी जन साधारण को इनके नाम किरायेदारी तब्दील होने बारे कोई भी आपति है तो 30 दिन के अन्दर अन्दर किसी भी कार्य दिवस को नगर परिषद कार्यालय में आकर अपनी लिखित आपत्ति क़ानूनी दस्तावेज सहित दर्ज करवायें, अन्यथा उक्त दुकान की किरायेदारी में नाम तब्दील करने बारे आवश्यक कार्यवाही अमल में लायी जाएगी इसके बाद नगर परिषद् जींद किसी भी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

हस्ता/-कार्यकारी अधिकारी
नगर परिषद, जींद

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर परिषद, जींद की किराया शाखा के रिकॉर्ड में दुकान/ खोखा नं. 23, नजदीक घंटाघर जींद की किरायेदारी विरेन्द्र सिंह पुत्र श्री चन्दुलाल के नाम दर्ज है। तहसीलदार महोदय के तस्दीक दिनांक 16.12.2022 के अनुसार मृतक के कानूनी वारिसान पत्नी रविकान्ता, पुत्री सीता, पुत्री अल्का, पुत्र विवेक तथा पुत्र विशाल हैं। अब प्रार्थी विशाल पुत्र स्व. श्री विरेन्द्र सिंह उक्त दुकान की किरायेदारी में वसीयत/वारिसान तथा शपथ पत्र के आधार पर नाम तब्दील करवाना चाहते हैं। यदि किसी जन साधारण को इनके नाम किरायेदारी तब्दील होने बारे कोई भी आपति है तो 30 दिन के अन्दर अन्दर किसी भी कार्य दिवस को नगर परिषद कार्यालय में आकर अपनी लिखित आपत्ति क़ानूनी दस्तावेज सहित दर्ज करवायें, अन्यथा उक्त दुकान की किरायेदारी में नाम तब्दील करने बारे आवश्यक कार्यवाही अमल में लायी जाएगी इसके बाद नगर परिषद् जींद किसी भी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

हस्ता/-कार्यकारी अधिकारी
नगर परिषद, जींद

## खबर संक्षेप

### आज 13 घंटे बंद रहेगा नगूरां पावर हाउस

जींद। गांव नगूरां का 132केवी पावर हाउस मंगलवार को 13 घंटे बंद रहेगा। अधीक्षक अभियंता जितेंद्र ढुल के अनुसार इस पावर हाऊस से जुड़े 11केवी मंडी डीएसए 11केवी डाहौला एपीए 11केवी मंडी एपीए 11केवी चूहड़पुर एपी और 11केवी डीपी फीडर मिल की बिजली सप्लाई सुबह 7 से रात 8 बजे तक बंद रहेगी।

### पत्नी को रुपये न देने पर दामाद को पीटा

जींद। पति ने पत्नी को मायके ले लिए पचास हजार रुपये नही दिए तो मायका पक्ष के लोगों ने घर में घुस कर हमला कर दामाद को घायल कर दिया। शहर थाना पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर दस लोगो के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### सड़क पर पलटी कार बाल बाल बचा ड्राइवर

गुहला-चीका। आज यहां चीका रोड़ पर एक चलती हुई कार अचानक पलट गई परंतु ड्राइवर बाल बाल बच गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार कार चालक चीका की तरफ आ रहा था कि अचानक कार अनियंत्रित हो गई और पलट गई। घटना के बाद राहगीरों ने चालक को कार से बाहर निकाला और वह सुरक्षित घर चला गया।

### फतेहपुर में बेची जा रही है जोहड़ की मिट्टी : कंवरजीत

पूंडरी। गांव फतेहपुर के समाजसेवी एवं सदस्य सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड के सदस्य कंवरजीत वालिया ने गांव में तालाब की खुदाई कार्य के दौरान निकाली जा रही मिट्टी को गांव के सार्वजनिक स्थानों पर न डालकर निजी स्थानों पर डालने के आरोप लगाए हैं। उन्होंने ट्वीटर के माध्यम से मुख्यमंत्री कार्यालय चंडीगढ़ में और कैथल डी.सी. को लिखित में शिकायत करके मामले की जांच करने की मांग की है।

### शिव मंदिर में शीतला माता की पूजा-अर्चना की

उचाना। सोमवार को उचाना कलां के प्राचीन शिव मंदिर में शीतला माता की पूजा-अर्चना श्रद्धालुओं ने की। यहां पर सुबह से ही महिला मंदिर में पूजा-अर्चना के लिए पहुंचनी शुरू हो गई थी। यहां पर मीठे चावल के साथ शीतला माता की पूजा-अर्चना की। सोमवार का दिन होने पर भगवान शिव की पूजा-अर्चना श्रद्धालुओं ने की।

### ग्रुप कमांडर ने किया कैंप का निरीक्षण

जींद। 15वीं हरियाणा बटालियन एनसीसी के द्वारा चलाए जा रहे वार्षिक प्रशिक्षण कैंप में ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर विकास राय शांडिल्य ने शिरकत की। कैंप में एनसीसी कैडेट्स ने ग्रुप कमांडर का स्वागत गार्ड ऑफ ऑनर देकर सम्मानित किया। वार्षिक प्रशिक्षण कैंप का बारीकी से निरीक्षण किया। ग्रुप कमांडर ने कैडेट्स से बातचीत करते हुए कहा कि अपने कैंप में कई नई चीजें सीखी होगी और नए दोस्त भी बनाए होंगे। ये कैंप आपके लिए एक यादगार कैंप रहेगा और भारतीय सेना में शामिल होने के लिए कैडेट्स को प्रेरित किया।

## परिवेदना समिति बैठक में विकास एवं पंचायत तथा सहकारिता मंत्री ने सुनी शिकायतें

# अधिकारी प्राथमिकता के साथ करें नागरिकों की समस्याओं का समाधान: महिपाल ढांडा

- किसी शिकायतकर्ता को ताऊ किसी को चाचा तो किसी को बेबे कहकर पुकारा
- बैठक में रखे कुल 17 मामलों में से छह का किया मौके पर ही समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद




जींद। परिवेदना समिति बैठक में शिकायतें सुनते हुए विकास एवं पंचायत तथा सहकारिता मंत्री महिपाल ढांडा व परिवेदना समिति बैठक में शिकायतें रखने आए शिकायतकर्ता।

विकास एवं पंचायत तथा सहकारिता मंत्री महिपाल ढांडा ने कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति को मिलना चाहिए। एक भी पात्र व्यक्ति योजनाओं के लाभ से वंचित ना रहे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि नागरिकों की शिकायतों का समाधान प्राथमिकता के साथ करें। प्रदेश सरकार जरूरतमंद लोगों के साथ खड़ी है।

विकास एवं पंचायत मंत्री महिपाल ढांडा सोमवार को स्थानीय डीआरडीए सभागार में जिला परिवेदना समिति की बैठक में परिवादों की सुनवाई के दौरान अधिकारियों को निर्देश दे रहे थे। इस दौरान जींद से विधायक डा. कृष्ण मिड्ढा, नरवाना से विधायक रामनिवास सुरजाखेड़ा, जुलाना से विधायक अमरजीत ढांडा, सफीदों से विधायक सुभाष देशवाल, डीसी मोहम्मद इमरान रजा और एसपी सुमित कुमार भी मौजूद रहे। परिवेदना समिति की बैठक कुल 17 मामले रखे गए, जिनमें से छह का मौके पर ही समाधान किया गया तथा 11 मामले जांच व आवश्यक कार्यवाई हेतू लंबित रखे गए। जिन पर मंत्री ढांडा ने संबंधित अधिकारियों को दो सप्ताह के अंदर जांच व निपटारा करने के निर्देश दिए।

### 11 परिवादों को लंबित रखा गया, समय में हो कार्रवाई

परिवेदना समिति की बैठक में रखे गए गांव टिटोखेड़ी निवासी प्रदीप व गांव भाणा ब्राह्मणान निवासी दर्शन के बिजली निगम से संबंधित परिवादों को लंबित रखा गया। जिसमें मंत्री ने बिजली निगम अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे समयबद्ध तरीके से परिवादीगण की समस्याओं का समाधान करें और उनकी संतुष्टि करें। ये दोनों मामले बिल व खेत से तार हटाने बारे थे। गांव रूपगढ निवासी मेहरचंद के चंकबंदी व वाराबंदी से संबंधित मामले की सुनवाई करते हुए मंत्री ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों के साथ परिवेदना समिति के गैर सरकारी सदस्य हरिदास और अनुशासन समिति सदस्य को जांच कमेटी में शामिल करवाया और निर्देश दिए कि वे इस मामले की जांच रिपोर्ट अतिशीघ्र डीसी के समक्ष प्रस्तुत करेंगे। मंत्री ने डीसी को जांच के आधार पर संबंधित दोषी अधिकारी या कर्मचारी के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार से गांव बेलरखां निवासी कुलदीप के बेटे के स्कूल में प्रवेश संबंधित परिवाद की सुनवाई पर मंत्री ने एसडीएम नरवाना की अध्यक्षता में जांच कमेटी गठित की। जिसमें जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी के अलावा परिवेदना समिति के गैर सरकारी सदस्य जोरा सिंह को शामिल किया ताकि मामले की सच्चाई सामने आ सके। गांव उझाना निवासी नीलम देवी के श्रम विभाग के सहायक कल्याण अधिकारी से संबंधित परिवाद की सुनवाई करते हुए मंत्री ने नरवाना के एसडीएम को 14 दिन में जांच करने के निर्देश दिए। इसके साथ उन्होंने कहा कि यदि संभव हो तो नीलम देवी की श्रम विभाग की नई कॉपी बनवाएं ताकि वह विभाग की योजनाओं का लाभ ले सके। इसके साथ ही उन्होंने नीलम से कहा कि वे दो सप्ताह बाद इस मामले में हुई कार्रवाई के बारे में डीसी को अवगत करवाएं। इसी प्रकार से गांव बेरीखेड़ा निवासी संजीव कुमार के उनकी दिवंगत पत्नी दमयंती के बीमा संबंधित परिवाद की सुनवाई करते हुए मंत्री ने डीपीओ के अलावा एलआईसी के अधिकारियों के साथ परिवेदना समिति के गैर सरकारी सदस्य नरेंद्र को शामिल किया तथा दो से तीन दिन के अंदर मामले की जांच रिपोर्ट डीसी को प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। शास्त्री नगर निवासी विजय कुमार के लडक़ी की शादी में कन्यादान संबंधी मामले में सुनवाई करते हुए श्रम विभाग के अधिकारी को निर्देश दिए कि वे परिवादी का केस ऑफ लाईन तरीके से मुख्यालय भेजें। गांव सिंघाना निवासी गब्बर सिंह, अंग्रेज सिंह, सतपाल व अन्य ग्रामीणों ने मंत्री को शिकायत करते हुए बताया कि सहकारी बैंक द्वारा उनसे नियमों के विरूद्ध ब्याज वसूली की गई है। इस पर कार्रवाई करते हुए मंत्री ने इस मामले को गंभीरता से लेते उपायुक्त को जांच सौंपी।

### हरियाणी भाषा का प्रयोग किया

डीआरडीए हाल में सोमवार को हुई जिला परिवेदना समिति की बैठक में विकास एवं पंचायत मंत्री महिपाल ढांडा ने शिकायतकर्ताओं के साथ संबोधन में हरियाणी भाषा का प्रयोग किया। एक बुजुर्ग व्यक्ति से ढांडा ने कहा कि चाचा रुक जाए आपका काम हो जाएगा मैं बैठा हूं। वही एक व्यक्ति को ताऊ तो एक महिला को बेबे (बहन) कह कर संबोधित किया।

### एक-एक परिवाद की गौर से सुनीं

गांव गांगोली निवासी सुभाष के एनएचए से संबंधित परिवाद की सुनवाई के दौरान संबंधित अधिकारियों ने बताया कि इस मामले का निपटारा कर दिया गया है तथा शिकायतकर्ता भी संतुष्ट है। गांव खटकड़ निवासी कुलदीप के जमीन से संबंधित परिवाद पर विकास एवं पंचायत मंत्री ने अतिरिक्त उपायुक्त की अध्यक्षता में राजस्व विभाग द्वारा 15 दिन के अंदर जांच करने के निर्देश दिए। गांव धर्मगढ़ निवासी सुखविंद की शिक्षा विभाग से संबंधित शिकायत की सुनवाई करते हुए सहकारिता मंत्री ने एडीसी की अध्यक्षता में परिवेदना समिति के गैर सरकारी सदस्य रामफल शर्मा को साथ लेकर मामले की पड़ताल करने के निर्देश दिए।

### पेड़ मां के नाम लगाने का आह्वान

परिवादों की सुनवाई के उपरांत पत्रकारों से बातचीत करते हुए विकास एवं पंचायत मंत्री महिपाल ढांडा ने कहा कि दो जुलाई को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के सभागार में आयोजित होने वाले प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम में पंचायत प्रतिनिधियों को नई सौगात दी जाएगी। उन्होंने कहा कि कि गांव का सरपंच वास्तविक सरकार है और वे उनकी तरह चुने हुए प्रतिनिधि हैं। प्रदेश सरकार सरपंचों की समस्याओं के समाधान के लिए गंभीर है। उन्होंने मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा एक पेड़.मां के नाम लगाए जाने का आह्वान प्रकृति को जीवित रखने में एक अहम कदम है। पेड़ को मां के साथ जोड़ना एक तरफ से पेड़ के साथ भावनात्मक रूप से जुड़ाव करना है ताकि पेड़ का पालन-पोषण सही ढंग से किया जा सके।

## घर में चोरी करने के दो आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

गढ़ी थाना पुलिस ने घर में घुसकर चोरी करने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान टिंकू वासी भिवानी रोड जीन्द व संजय उर्फ संजू वासी पिपलथा के रूप में हुई है। जानकारी के बता दे कि दिनांक 24 जून को विक्त्रम वासी हमीरगढ़ ने चौकी धमतान में एक शिकायत दी थी कि रात के समय घर के सारे सदस्य आँगन मे सोये हुए थे सुबह चार बजे उठ कर घर के भीतर देखा तो घर के गेट भीतर से बंद था व पीछे की खिडकी टूटी हुई थी। कमरे का सारा समान बिखरा पड़ा था अलमारी के सारे लॉक टूटे हुए थे घर के सारे जेवर ;5 तोले के कड़े 2 तोले की गंठीए 2 तोले की गलसरीए 2 तोले का मंगलसूत्रद्धए 150000 के करीब रुपए व एलसीडी अज्ञात व्यक्ति चोरी कर के ले गए। जिसकी शिकायत पर थाना गढी में चोरी का मामला दर्ज किया गया। मामले में एएसआई हरजीन्द्र सिंह ने कार्यवाही करते हुए दो अभियुक्तों को काबू कर लिया है। जिनसे पूछताछ करने पर दोनों ने विक्त्रम के घर पर चोरी की वारदात कबूल की है। दोनों सुल्फा व शराब पीने के आदी हैं।

## पूर्व मंत्री ने उठाई सफीदों को जिला बनाने की मांग

- बचन सिंह आर्य ने कार्यकर्ताओं की बैठक को किया संबोधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सफीदों



जींद। बैठक को संबोधित करते हुए बचन सिंह आर्य।

भाजपा कार्यकर्त्ताओं की एक बैठक नगर के आर्य सदन में संपन्न हुई। बैठक में बतौर मुख्यातिथि सफीदों विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी रहे पूर्व मंत्री बचन सिंह आर्य ने शिरकत की। कार्यकर्त्ताओं ने पूर्व मंत्री बचन सिंह आर्य का फूलों की मालाओं से जोरदार अभिनंदन किया। बैठक में आगामी विधानसभा की तैयारियों के साथ-साथ सफीदों को जिला बनाने को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में सरकार से सफीदों को जिला बनाने की मांग का प्रस्ताव पारित किया गया। इस प्रस्ताव का उपस्थित लोगों ने हाथ उठाकर अनुमोदन किया। अपने संबोधन में पूर्व मंत्र बचन सिंह आर्य ने कहा कि सफीदों एक ऐतिहासिक नगरी है तथा इसका महाभारतकालीन सभ्यता में विस्तृत वर्णन है। यहां पर ऐतिहासिक महाभारतकालीन नागक्षेत्र सरोवर व मंदिर आज भी विद्यमान है जोकि सफीदों क्षेत्र की पौराणिकता को दर्शाता है। सफीदों में डाक सेवा 1885 में ब्रिटिश सरकार से संधि करके शुरू हो गई थी। रेलसेवा सन 1916 में शुरू हुई तथा सफीदों में रेलवे स्टेशन का निर्माण 1931 में हो गया था। सफीदों में अनाज मंडी की स्थापना 1920 में हो गई थी तथा यहां नगरपालिका 1938 में बन गई थी। उन्होंने कहा कि जब रियासतों को समाप्त करके उनका विलय भारत में किया गया तो रियासत जींद को सबसे पहले 15 जुलाई 1948 को भारत के एक नए रा'य पेप्सू में मिला दिया गया। तब संगरूर जिला बना तथा सफीदों इस जिले में शामिल था। 1 नवंबर 1966 को जब हरियाणा अस्तित्व में आया तब जींद, सफीदों एवं दादरी तो हरियाणा में आ गए मगर संगरूर पंजाब में ही रह गया था।

## आयुष्मान कार्ड शुरू करवाने की मांग को लेकर आज सौंपेंगे ज्ञापन

उचाना। उचाना उपमंडल कार्यालय में हलके की सामूहिक मांगों को लेकर उचाना संयुक्त किसान मोर्चा का अनिश्चित कालीन धरना 567वें दिन जारी। धरने पर आयुष्मान कार्ड से उपचार बंद होने को इसे सरकार की नाकामी बताते हुए रोष प्रकट किया। अध्यक्षता बीरा करसिंधु ने की। धरना संयोजक आजाद पालवां ने बताया कि मीटिंग में विस्तार से चर्चा करके फैसला लिया कि सरकार तुरंत प्रभाव से रोकी गई हस्पतालों की पेमेंट करें ताकि हस्तपालों में आयुष्मान कार्ड पर उपचार जो बंद करने का फैसला डॉक्टर एसोसिएशन ने लिया है वो वापिस हो।

## 28 बच्चों में जन्मजात विकृति को लेकर कलायत में स्वास्थ्य विभाग का जागरूकता अभियान

- कुछ बच्चों में जन्म के समय से पैरों में होने वाली टेड़ापन की समस्या बारे दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत



कलायत। आंगनबाड़ी केंद्र में जागरूकता अभियान चलाती स्वास्थ्य विभाग की टीम।

प्रदेश के स्वास्थ्य विभाग की कार्ययोजना अनुसार कलायत उपमंडल नागरिक अस्पताल द्वारा राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम पखवाड़ा चलाया गया। वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डा.राजेंद्र कुमार के मार्गदर्शन में चला अभियान सोमवार को विधिवत रूप से संपन्न हुआ। डा.राजेंद्र कुमार ने बताया कि रोड मैप के अनुसार टीम द्वारा बच्चों की जन्मजात विकृतियों के संबंध में अलग-अलग स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित कर जागरूक किया गया। इस दौरान मुख्य रूप से आंगनबाड़ी केंद्रों पर फोक्स रहा। इसमें जन्मजात विकृति रोग बारे आर.बी.एस.के. की टीम में शामिल डा.अन्नू, फार्मासिस्ट राहुल शर्मा और मनीषा एएनएम ने क्लब फुट रोग यानि बच्चों के पांव जन्म से ही अंदर की तरफ मुड़ने के रोग बारे अभिभावकों को जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कुछ बच्चों के जन्म के समय ही पैरों का टेड़ापन होता है। यह गंभीर समस्या है। इससे बच्चे ताउम्र मानसिक हीनता का शिकार हो सकते हैं। ऐसे में बच्चों की समुचित जांच और कुछ सावधानियां बरतना अनिवार्य हो जाता है।

## 4 को शहीद सिपाही कश्मीरी लाल की प्रतिमा का होगा अनावरण

राजौंद। गांव सेरधा के शहीद सिपाही कश्मीरी लाल की प्रतिमा का राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सेरधा के प्रांगण में 4 जुलाई को अनावरण होगा। इस बारे जानकारी देते हुए पूर्व सैनिक वेलफेयर एसोसिएशन जिला प्रधान हवलदार जगजीत फौजी ने बताया कि 12 दिसंबर 1990 को बाघा पुराना पंजाब में आतंकवादियों के साथ हुई मुठभेड़ में मातृभूमि के लिए प्राणों की आहुति देकर सर्वोच्च बलिदानी ने अपने गांव सेरधा एवं देश का नाम रोशन किया। इस बलिदानी की प्रतिमा का अनावरण 4 जुलाई को 34 वर्ष के बाद बलिदानी के पैतृक गांव सेरधा में होगा। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में शहीद परिवार मुख्य अतिथि रहेगा।

## आप कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन

- प्रदेश में बिगड़ रही कानून व्यवस्था को लेकर जताया रोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद




जींद। प्रदर्शन करते हुए आप कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

आप कार्यकर्ताओं ने सोमवार को हरियाणा प्रदेश में बिगड़ रही कानून व्यवस्था के रोष स्वरूप शहर में प्रदर्शन किया और फिर लघु सचिवालय पहुंच कर डीसी कार्यालय में मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सीटीएम स्टैनो सतीश कुमार को सौंपा। प्रदर्शन से पहले आप कार्यकर्ता जिला प्रधान वजीर ढांडा के नेतृत्व में रानी तालाब स्थित अंबेडकर चौक पर एकत्रित हुए। उन्होंने कहा कि हरियाणा में कानून व्यवस्था के हालात बिगड़ रहे हैं। हरियाणा में खुलेआम जंगलराज चल रहा है, सरेआम गोलियां चलाने की ऐसी वीडियो सामने आ रही हैं जैसे कोई फिल्म की शूटिंग चल रही हो। हरियाणा फिरौती हड़पने वाला का अपराधिक सेफ जोन बन चुका है। हर रोज पूरे हरियाणा में व्यापारियों से फिरौती मांगी जा रही है। यह रोजमर्रा का कार्य बन चुका है। ऐसी अपराधी घटनाएं सामने आ रही हैं। हिसार की ऑटो मार्केट में पिछले पांच-छह दिनों में तीन व्यापारियों से फिरौती मांगी जा चुकी है। दो व्यापारियों से पांच व दो करोड़ की फिरौती मांगने की घटना के बाद अब ऑटो मार्केट के ही तीसरे व्यापारी से दो करोड़ रुपये की फिरौती मांगी गई है। इन सभी अपराधी घटनाओं से पूरे प्रदेश के व्यापारियों में दहशत का माहौल पैदा हो चुका है। पुलिस कोई सख्त कार्रवाई नहीं कर पा रही है। जिससे व्यापारी डर के साये में हैं। व्यापारियों पर हो रहे अपराध को रोकने के लिए ठोस कार्रवाई नहीं कर पा रही है।

## सरकार हरियाणवी भाषा को बढ़ावा देने के लिए धरातल पर काम कर रही : धर्मदेव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी



पूंडरी के डीएवी स्कूल में पत्रकारों से बातचीत करते डॉ. धर्मदेव विद्यार्थी।

हरियाणा साहित्य अकादमी के नवनियुक्त निर्देशक डा. धर्मदेव विद्यार्थी ने कहा प्रदेश सरकार हरियाणवीं भाषा को बढ़ावा देने के लिए धरातल पर काम कर रही है। डा. विद्यार्थी पूंडरी स्थित डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इस मौके पर उनके साथ स्कूल की प्राचार्या साधना बख्शी समेत कई स्कूलों के प्राचार्या भी मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि भारत के अलग-अलग प्रदेशों की अपनी-अपनी भाषा है और वे अपनी भाषा पर गर्व करते है, लेकिन हरियाणा के लोग अपनी ही भाषा को सम्मान की नजर से नहीं देखते। यहां तक कि यदि घर में बच्चा हरियाणवी बोलता है तो अभिभावक उसके स्कूल तक शिकायत लेकर जाते है कि उनका बच्चा हरियाणवीं भाषा बोलता है। धीरे-धीरे हरियाणावीं भाषा और संस्कृति विलुप्त होती जा रही है, जिसे बचाने की जरूरत है। साहित्य अकादमी प्रयास कर रही है कि हरियाणवीं भाषा को उसका खोया हुआ मान-सम्मान वापिस मिल सके। हरियाणवीं भाषा ऐसी भाषा नहीं है कि जिसको बोला नहीं जा सके, जरूरत है उसकी मिठास और उसकी सरलता को उजागर किया जाए। उन्होंने बताया कि अकादमी की ओर से 13 जुलाई को एक कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा, जिसमें प्रदेश के हरियाणावीं लेखकों, कवियों और हरियाणवीं भाषा में रुचि रखने वाले लोगों को आमंत्रित किया गया। सभी के सहयोग से हरियाणवी भाषा को बढ़ाने के लिए आगे आना होगा।

**कार्यक्रम** गांव की बेटी एचसीएस अन्नु श्योकंद करेंगी पुस्तकालय का शुभारंभ

## आठ लाख से बेटियों के लिए बना सुभाष चंद्र बोस पुस्तकालय 7 को बेटियों को होगा समर्पित

- स्वतंत्र समूह सेवा समिति एवं ग्रामीणों के सहयोग से बना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना



सुदकैन कलां में स्वतंत्र समूह सेवा समिति के तत्वाधान में सुभाष चंद्र बोस महिला पुस्तकालय का उद्घाटन 7 जुलाई को होगा। रक्तदान शिविर के साथ-साथ पर्यावरण को बचाने का संदेश देने के लिए पौधरोपण भी किया जाएगा। समिति के चेयरमैन प्रदीप मोर एवं अध्यक्ष कृष्ण श्योकंद ने बताया कि मुख्य अतिथि के तौर सुदकैन कलां की बेटी एचसीएस अन्नु श्योकंद पहुंचेंगी। अन्नु श्योकंद आरडी श्योकंद की बेटी एवं आईपीएस महेश्वर दयाल श्योकंद की छोटी बहन है। पंचायती राज विभाग में एसई अशोक श्योकंद, विस के सेवानिवृत्त 'वाइंट सेक्रेटरी दयानंद श्योकंद, कर्नल अशोक श्योकंद, एचसीएस की परीक्षा पास कर बीडीपीओ बनी रितु शर्मा मुख्य रूप से पहुंचेंगी।

### अन्नु श्योकंद बेटियों के लिए बनी प्रेरणा स्रोत

कृष्ण श्योकंद ने बताया कि गांव की बेटी एचसीएस अन्नु श्योकंद गांव के साथ-साथ आस-पास के गांवों की बेटियों के लिए प्रेरणा स्रोत बनी है। गांव में बेटियों के लिए पुस्तकालय का शुभारंभ गांव की बेटी से ही करवाने का फैसला ग्रामीणों द्वारा लिया गया। यहां पर पुस्तकालय बनने से गांव के साथ-साथ आस-पास के गांवों की बेटियों को कोचिंग के लिए नरवाना, उचाना नहीं जाना पड़ेगा। बेटियों के लिए यहां पर वाईफाई, ऑनलाइन, ऑफलाइन कोचिंग की व्यवस्था भी यहां पर की जाएगी। प्रतियोगिकी परीक्षाओं की तैयारी छात्राएं कर सकें इसके लिए यहां पर उनके बैठने के लिए एसी फर्नीचर रूप बनाया गया है। पीने के पीने के लिए वाटर कूलर सहित अन्य सभी सुविधाएं मुहैय्या होंगी।